तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 12.3 डिग्री

# हरिभूमि रायपुर भूमि

रायपुर, शनिवार 13 दिसंबर 2025




12 1.95 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम सी...





12 उदंती को आबाद करने छोड़े गए 60 हिरण...

## खबर संक्षेप

### महिला को फोन पर धमकी कहा- बदनाम कर देंगे

**रायपुर।** धमतरी मगरलोड की एक युवती ने रायपुर के एक अज्ञात युवक के खिलाफ बदनाम करने की धमकी देकर जबरन वसूली करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मगरोलोड पुलिस ने शून्य में अपराध दर्ज कर केस डायरी टिकरापारा पुलिस के पास भेजी है। युवती ने पुलिस को बताया कि अज्ञात व्यक्ति का उसके पास कॉल आया। कॉल करने वाले ने युवती को उसकी अश्लील फोटोज सोशल साइट में अपलोड कर बदनाम करने की धमकी देते हुए पैसों की मांग की। अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ पुलिस अपराध दर्ज कर जांच कर रही है।

### मकान का ताला तोड़कर बाइक ले उड़ा चोर

**रायपुर।** कबीर नगर थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ सूने मकान का ताला तोड़कर बाइक चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जरवाय बस्ती निवासी दीपक यादव ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। दीपक ने पुलिस को बताया कि कोई अज्ञात चोर उसके सूने मकान का ताला तोड़कर बाइक सीजी 04 एमई 5021 चोरी कर ले गया।

### मकान निर्माण के विवाद पर मारपीट, केस दर्ज

**रायपुर।** अभनपुर थाने में एक व्यक्ति ने तीन लोगों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। हसदा निवासी कमल नारायण साहू ने हरिचंद, गजेंद्र तथा निखिल साहू के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। कमल नारायण ने पुलिस को बताया कि हरिचंद का परिवार मकान बनवा रहा है। मकान बनवाने के दौरान वे उनके घर की बीम को खांचकर निर्माण करा रहे हैं। विरोध करने पर हरिचंद, गजेंद्र तथा निखिल ने कमल नारायण तथा उसकी मां के साथ मारपीट की।

### गाली-गलौज करने से रोकने पर की तोड़फोड़

**रायपुर।** उरला थाने में एक व्यक्ति ने एक युवक तथा उसके अन्य साथियों के खिलाफ घर में घुसकर एलईडी टीवी तथा खिड़की का कांच तोड़ने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिरगांव निवासी लखन लाल सेन ने देव कुमार भट्ट तथा उसके अन्य साथियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। लखन ने पुलिस को बताया कि देव तथा उसके साथी घर के सामने गाली-गलौज कर रहे थे। मना करने पर देव तथा उसके साथी ने लखन के घर में जबरन प्रवेश कर तोड़फोड़ की।

# मूल्यांकनकर्ताओं की ऐसी किल्लत...30 की बंदिश समाप्त, जांच सकते हैं 90 कॉपियां

**केंद्रीय मूल्यांकन प्रारंभ किए जाने के बाद वरिष्ठ प्राध्यापकों ने बनाई मूल्यांकन से दूरी**

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

परीक्षा प्रणाली में सुधार के लिए लागू किया गया केंद्रीय मूल्यांकन पं.रविशंकर शुक्ल विवि के लिए नई चुनौती बन गया है। वरिष्ठ प्राध्यापक इसमें दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। जो सहायक प्राध्यापक केंद्रीय मूल्यांकन के लिए तैयार हो रहे हैं, उनमें से अधिकतम निजी महाविद्यालयों में संविदा पद पर तैनात कम अनुभवी प्राध्यापक हैं। पूर्व में केंद्रीय मूल्यांकन के अंतर्गत रविवि अधिकतम 30 उत्तरपुस्तिकाएं ही मूल्यांकन के लिए दिया जाता था। अब इसे समाप्त कर दिया गया है। अधिकतम 90 उत्तरपुस्तिकाएं मूल्यांकनकर्ता एक दिन में जांच सकते हैं। इस पर भी सवाल उठने लगे हैं, क्योंकि एक दिन में 90 उत्तरपुस्तिकाएं एक व्यक्ति द्वारा जांच पाना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। बीते वर्ष की तरह एक बार फिर रविवि मूल्यांकनकर्ताओं की कमी से जूझ रहा है। गौरतलब है कि केंद्रीय मूल्यांकन के अंतर्गत प्राध्यापकों को रविवि कैंपस में आकर ही उत्तरपुस्तिकाएं जांचनी होती है। इसके लिए कक्ष और समय निर्धारित होता है। दूसरे जिलों से आने वाले प्राध्यापकों के लिए रविवि द्वारा ठहरने की व्यवस्था भी की जाती है। दूसरी ओर सामान्य मूल्यांकन प्रणाली के अंतर्गत प्राध्यापक उत्तरपुस्तिकाएं जांचने के लिए अपने घर ले जा सकते हैं अथवा उन्हें कॉलेज कैंपस में भी इनका मूल्यांकन कर सकते हैं।

### दूसरे राज्य का प्रावधान समाप्त

केंद्रीय मूल्यांकन नहीं होने की स्थिति में रविवि द्वारा उत्तरपुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए पड़ोसी राज्यों के साथ दिल्ली भी प्रेषित की जाती थी। केंद्रीय मूल्यांकन के कारण अब यहां उत्तरपुस्तिकाएं नहीं भेजी जा रही हैं। पूर्व में डाक के माध्यम से उन प्राध्यापकों को कॉपियां भेजी जाती थी, जो मूल्यांकन में दिलचस्पी रखते थे। इस कारण भी मूल्यांकनकर्ताओं की कमी हो गई है। केंद्रीय मूल्यांकन इसलिए लागू किया गया था ताकि समय पर कॉपियां जांची जा सकें और तय वक्त पर परीक्षा परिणाम घोषित हो सकें। लेकिन उद्देश्य पूर्ति के लिए नियमों में दी गई शिथिलता से मूल्यांकन की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।



■ अब तक एक दिन में अधिकतम जांच सकते थे 30 उत्तरपुस्तिकाएं

### 20% ही वरिष्ठ प्राध्यापक

प्राइवेट कॉलेज संघ के सचिव डॉ.देवाशीष मुखर्जी के अनुसार, केंद्रीय मूल्यांकन प्रणाली लागू किए जाने के बाद मूल्यांकनकर्ताओं में केवल 20% ही वरिष्ठ प्राध्यापक हैं। शेष 80% कम अनुभवी अथवा निजी महाविद्यालयों में संविदा पर नियुक्त प्राध्यापक हैं। नियमों के मुताबिक, स्नातकोत्तर कक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाएं केवल वे ही प्राध्यापक जांच सकते हैं, जिनके महाविद्यालय में स्नातकोत्तर कक्षाएं संचालित होती हों। इसके साथ अध्यापन के क्षेत्र में तीन वर्ष का अनुभव भी आवश्यक है। स्नातक कक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाएं जांचने के लिए भी तीन साल का अनुभव अनिवार्य है। गौरतलब है कि रविवि की सेमेस्टर परीक्षाएं 28 नवंबर से प्रारंभ हो चुकी हैं। इसके साथ ही मूल्यांकन संबंधित कार्य भी प्रारंभ कर दिए गए हैं।

## हावड़ा–मुंबई एक्सप्रेस में मानव तस्करी का खुलासा, छह नाबालिग बच्चे रेस्क्यू

# 5000 में बचपन का सौदा! गरीब माता-पिता ने तस्करों को सौंपा जिगर का टुकड़ा

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आर्थिक तंगी से जूझ रहे कोलकाता के कुछ मजदूर परिवार के माता- पिता ने अपने नाबालिग बच्चों को चंद पैसों के बदले एक अंजान तस्कर के हाथों सौंप दिया। पढ़ाई की उम्र में इन मासूमों के कंधों पर काम का बोझ लादकर उन्हें मुंबई में काम कराने के लिए भेजा जा रहा था। बीती रात जीआरपी, आरपीएफ और चाइल्ड हेल्पलाइन की संयुक्त कार्रवाई में हावड़ा–मुंबई एक्सप्रेस में दबिश दी गई, जहां से 6 नाबालिग बच्चों को सकुशल बरामद किया गया। सभी बच्चे डरे और सहमे हुए थे, जिन्हें फिलहाल बालगृह में सुरक्षित रखा गया है। हरिभूमि की पड़ताल में सामने आया कि सभी 6 बच्चे एक ही गांव से हैं। खास बात यह है कि बच्चों को काम पर भेजने के एवज में उनके माता-पिता को ▶▶|शेष पेज 11 पर



### माता-पिता ने ही मजदूरी के लिए बच्चों को भेजा मुंबई

बच्चों के माता-पिता ने स्वीकार किया कि उन्होंने आर्थिक तंगी के कारण बच्चों को काम के लिए मुंबई भेजने का फैसला लिया। सभी माता-पिता खुद भी दिहाड़ी मजदूरी करते हैं और तस्कर द्वारा पैसे का लालच दिए जाने पर वे राजी हो गए। बच्चों ने भी माता-पिता की बात मानकर पढ़ाई छोड़ दी और काम के लिए तैयार हो गए। जानकारी के मुताबिक, इन नाबालिगों को कुछ महीनों से लगातार मुंबई भेजा जा रहा था, जहां उन्हें मलाड इलाके के एक कारखाने में अवैध रूप से मजदूरी करनी थी।

### बच्चों को मिलेगा मुआवजा, घर वापसी की प्रक्रिया शुरू

तस्करी से मुक्त कराए गए सभी नाबालिग बच्चों को उनके संबंधित जिलों में भेजने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला प्रशासन द्वारा जरूरी कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद विशेष टीम के माध्यम से बच्चों को सुरक्षित रूप से उनके घर भेजा जाएगा। सरकारी नियमों के अनुसार, तस्करी और बाल श्रम से पीड़ित बच्चों को मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी। यह राशि उन्हें नए सिरे से जीवन शुरू करने और शिक्षा की ओर लौटने में मदद करेगी। चाइल्ड हेल्पलाइन टीम बच्चों के पुनर्वास की दिशा में आवश्यक कदम उठा रही है।

### फरार तस्कर की जांच जारी है

घटनास्थल से तस्कर फिरोज मंडल को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य दो–तीन सहयोगी मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है। इस कार्यवाही में जीआरपी प्रभारी बीएन मिश्रा, आरपीएफ प्रभारी कर्मपाल सिंह गुर्जर, स्टेशन चाइल्ड लाइन सुपर वाइजर विजय कुमार साहू, पंचराम धुर्वे एवं आशीष कुमार साकेत सहायक प्रोग्राम ऑफिसर बचपन बचाओ आंदोलन, आरपीएफ के उप निरीक्षक ए जेड चौधरी सउनि अरविंद सिंह, जीआरपी की प्रिया भारती की अहम भूमिका रही है।

# रेलवे कर्मचारियों को मिलेगा क्यूआर कोड वाला पहचान पत्र

**संविदा और नियमित कर्मचारियों के लिए अलग रंग**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे कर्मचारियों और संविदा पर नियुक्त कर्मचारियों को अब नया पहचान पत्र जारी किया जाएगा। यह देशभर में लागू होगा, जिसे लेकर रेलवे बोर्ड से आदेश दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को पहुंच गया है। बता दें कि नया पहचान पत्र क्यूआर कोड आधारित होगा, जिससे कर्मचारियों की जानकारी डिजिटल तरीके से आसानी से उपलब्ध होगी। रेलवे बोर्ड के प्रधान कार्यकारी निदेशक रेणु शर्मा ने सभी जोन को इसे लागू करने का आदेश दे दिया है। नियमित रेलकर्मियों का पहचान पत्र पीला होगा, जबकि संविदा कर्मचारियों के लिए नारंगी कार्ड जारी किया जाएगा। यह पहचान पत्र न केवल कर्मचारी की पहचान साबित करेगा, बल्कि संविदा कर्मचारियों के लिए कार्यालय में प्रवेश का प्रमाण भी होगा।

### पारदर्शिता बढ़ाने रेल मंत्रालय की पहल

रेल मंत्रालय के अनुसार यह कदम कर्मचारियों की पहचान और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के साथ प्रवेश प्रणाली को और अधिक पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। कर्मचारी अब अपने डिजिटल पहचान पत्र के माध्यम से कार्यालय में आसानी से प्रवेश कर सकेंगे और उनके रिकॉर्ड का प्रबंधन भी आसान होगा। इस नई पहल से रेलवे में पारदर्शिता बढ़ाने के साथ कर्मचारियों की सुविधा में भी सुधार होगा, जिससे सभी जोन में कार्यरत कर्मचारियों को समान रूप से लाभ मिलेगा।

### कार्ड जारी करने वाले अधिकारी की जानकारी भी मिलेगी

पहचान पत्र पर कर्मचारी की तस्वीर, हस्ताक्षर, नाम, पद, विभाग, जारी होने और वैधता की तिथि तथा जारीकर्ता अधिकारी का हस्ताक्षर शामिल होगा। क्यूआर कोड स्कैन करने पर कर्मचारी का नाम, पता, पद, कार्यस्थल, आधार नंबर, कार्ड जारी होने और वैधता की तिथि तथा कार्ड जारी करने वाले अधिकारी की जानकारी प्राप्त की जा सकेगी। संविदा कर्मचारियों के कार्ड में स्पष्ट रूप से-ऑन कॉन्ट्रैक्ट, अंकित रहेगा।

# पूर्व मुख्यमंत्री के आईडी होल्डर के खिलाफ एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिविल लाइंस थाने में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के फेसबुक पेज भूपेश है तो भरोसा है के आईडी होल्डर रायगढ़ निवासी मनीष गोंड़ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। अमित ने पुलिस को बताया कि भूपेश बघेल के फेसबुक पेज के आईडी होल्डर मनीष ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की छवि खराब करने उनके द्वारा 2 दिसंबर को दिए बयान को एडिट कर तोड़-मरोड़कर सोशल मीडिया पर वायरल कर मुख्यमंत्री की छवि धूमिल करने की कोशिश की। भाजपा प्रवक्ता की शिकायत पर पुलिस ने मनीष गोंड़ के खिलाफ बीएनएस की धारा 336(2), 336(4),340(2),356(2), 352, 353(1) बी तथा 353(2) के तहत अपराध दर्ज की है।

# कोलकाता की उड़ानें पटरी पर, हैदराबाद, दिल्ली, मुंबई की फ्लाइट कम रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ एयरपोर्ट में विमानों की आवाजाही 6 बार कम

विमानों के संचालन में कटौती के दौर में शुक्रवार को इंडिगो ने कोलकाता की उड़ान पूरी की, मगर हैदराबाद, दिल्ली और मुंबई की एक-एक फ्लाइट कम रही। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर दिनभर में विमानों के 6 फेरे कम हुए। शेष विमानों का संचालन होने की वजह से यात्रियों को राहत मिली है। विमानों की कटौती की वजह से दो महीने बाद मुंबई के लिए शुरू होने वाली नई फ्लाइट पर भी संशय है। सप्ताहभर हलाकान रहने के बाद लोगों ने विमानों के जरिए अपनी यात्रा में राहत महसूस की है। हालांकि स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से अव्यवस्था के पहले संचालित होने वाली पूरी फ्लाइट नहीं लौटी है। विभिन्न शहरों के लिए चलने वाली औसतन तीन फ्लाइट रद्द हो रही है। शुक्रवार को भी यह दौर जारी रहा। काफी समय से रद्द होने वाली कोलकाता की तीन फ्लाइट ने अपने निर्धारित समय पर आवाजाही की। उसकी जगह हैदराबाद-रायपुर फ्लाइट नहीं आई। इसके अलावा मुंबई और रायपुर के बीच आवाजाही करने वाली दो फ्लाइट का संचालन नहीं हुआ। रायपुर के लिए इंडिगो ने अपनी दो फ्लाइट का संचालन नियमित रूप से किया, वहीं इसी कंपनी के ▶▶|शेष पेज 11 पर



**रविवार से टलेगी शीतलहर की स्थिति**

# जोरदार ठंड से कांपा छग आज से कमी के आसार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पिछले चौबीस घंटे में पड़ी कड़ाके की ठंड ने रायपुर समेत पूरे छत्तीसगढ़ को ठिठुरा दिया है। सरगुजा संभाग में कड़ाके की ठंड के बीच माना इलाके में भी इस बार रिकार्ड तोड़ ठंड पड़ रही है। अनुमान है कि हवा की दिशा में बदलाव होने से तापमान में बढ़ोतरी होगी और रविवार से शीतलहर के दौर में कमी आएगी। अभी राज्य में न्यूनतम तापमान सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस तक कम है। समूचा छत्तीसगढ़ अभी ठंड की चपेट में है और सरगुजा से लेकर बस्तर संभाग तक कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सरगुजा के मैनपाट, तारबहार, बलरामपुर में जोरदार ठंड के साथ बर्फ जमने की स्थिति बन रही है। वहीं बिलासपुर से लेकर रायपुर तक रात की कड़ाके की ठंड लोगों की कंपकंपी छुड़वा रही है। पिछले चौबीस घंटे में राज्य में कड़ाके की ठंड पड़ी है और माना का न्यूनतम तापमान सामान्य से 6 डिग्री सेल्सियस कम होकर 7.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। वहीं लालपुर का न्यूनतम तापमान 12.3 डिग्री दर्ज किया है। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले चौबीस घंटे में न्यूनतम तापमान चढ़ने का दौर शुरू होगा और रविवार को शीतलहर के दौर में गिरावट आएगी।

### शहरों का तापमान

| शहर | न्यूनतम | अधिकतम |
| --- | --- | --- |
| रायपुर | 12.3 | 29.2 |
| माना | 7.5 | 29.2 |
| बिलासपुर | 28.8 | 10.4 |
| पेंड्रा | 8.6 | 26.2 |
| अंबिकापुर | 5.3 | 25.0 |
| जगदलपुर | 28.8 | 8.4 |
| दुर्ग | 28.2 | 8.2 |




**खबर संक्षेप**

## भिलाई न्योता भोज में खीर-पूरी बांटी गई



**आरंग।** ग्राम भिलाई मैं पूर्व माध्यमिक प्रधान पाठक डॉर्थी तांडी द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर खीर- पूड़ी, चॉकलेट खिलाकर बच्चों को न्योता भोज कराया गया। मेडम ने कहा कि बच्चों के साथ जन्मदिन मानना आत्मिक खुशी एवं आनंद देता है क्योंकि बच्चे मन के सच्चे होते है। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य लखन लाल चंद्राकर, वरिष्ठ व्याख्याता चंदु लाल साहू, जीतेन्द्र शुक्ला संकुल समन्वयक, पुष्पलता चंद्राकर, तृप्ति शर्मा, पुष्पा चंद्राकर, बसंती सोनकर, चूमेश्वरी साहू, लेखिनी निषाद, उमाशंकर यादव, दुर्गेश कंडरा आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्ति पर प्राचार्य गोपतराम को विदाई दी



**आरंग।** नए प्राचार्य नारायण साहू, संकुल पारागांव हाई स्कूल ने पारागांव के नोडल प्राचार्य गोपत राम टंडन के 62 वर्ष की अधिवर्षिकीय आयु पूर्ण करने पर सेवानिवृत्ति होने के उपलक्ष्य में आयोजित विदाई कार्यक्रम में उनका स्वागत किया। हाई स्कूल स्टाफ—व्याख्याता जे.पी. सोनवानी, सविता गुप्ता, सीएसी अमित अग्रवाल, क्लर्क राजेश पटेल ने भी सर के सम्मान में उनके कार्यकाल की प्रशंसा की तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की। अतिथि जी.आर. टंडन ने अपने अनुभव और यादें साझा कीं। विदाई समारोह में संकुल के सभी प्रधान पाठक एन.के. चंद्राकर, एफ.आर. देवांगन, ओ.पी. साहू, उमेंद्र चंद्राकर, रामनाथ बंजारे, चंद्रप्रभा यदु—तथा प्राइवेट स्कूल से रजत टोप्पो और कुमारी खुशबू राम उपस्थित रहे। स्कूल के छात्रों द्वारा विदाई गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता सुलभी शुक्ला ने किया। भोजन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## भानसोज स्कूल के भाषाई उत्सव में विविध स्पर्धाएं कीं

**आरंग।** पीएमश्री प्राथमिक शाला भानसोज में विकास खंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा एवं विकास खंड स्त्रोत समन्वयक सुरेंद्र सिंह चंद्रसेन के मार्गदर्शन में शुक्रवार को भाषा उत्सव उत्साह और उमंग के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ नोडल प्राचार्य ईला सेंगर द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ।

**निधन**

## अनुसुईया चंद्राकर

**आरंग।** शुक्रवार को ग्राम बोरिद निवासी 95 वर्षीय अनुसुईया चंद्राकर का निधन हो गया। वह



नरेश चंद्राकर, नंदकुमार चंद्राकर, सेवा निवृत्त प्राचार्य पवन कुमार चंद्राकर की माता तथा शिक्षक सूर्यकांत व चित्रकांत चंद्राकर की दादी थी। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# प्रोजेक्ट दृष्टि से पहली की छात्रा जानवी की मोतियाबिंद का आपरेशन सफल

## चिरायु टीम ने हेल्थ चेकअप के दौरान किया चिन्हांकित



आरंग। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशन पर जिला प्रशासन की पहल "प्रोजेक्ट दृष्टि" चलाया जा रहा है। जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायपुर डॉ. मिथिलेश चौधरी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग लगातार पीड़ितों को सहायता पहुँचा रहा है। गत दिवस प्रोजेक्ट दृष्टि के तहत विकासखंड आरंग के शासकीय प्राथमिक शाला रीवा में 24 नवंबर को चिरायु टीम द्वारा हेल्थ चेकअप हेतु भ्रमण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान कक्षा पहली की छात्रा जानवी को मोतियाबिंद से पीड़ित पाया गया, जिसकी दृष्टि बहुत कम थी। चिरायु टीम ने खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजयलक्ष्मी अनंत को जानकारी देते हुए, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी के मार्गदर्शन में बच्ची के माता-पिता को बुलाकर काउंसलिंग की। 4 दिसंबर को स्वास्थ्य विभाग एवं चिरायु टीम की मदद से जानवी को मेकाहारा डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल, नेत्र विभाग में नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सकों को दिखाया गया। संपूर्ण जांच में पता चला कि बच्ची को जन्मजात मोतियाबिंद की बीमारी है और ऑपरेशन की आवश्यकता है। उसी दिन, 04 दिसंबर को ही बच्ची को अस्पताल में भर्ती किया गया तथा 06 दिसंबर को सफलतापूर्वक सर्जरी की गई। सर्जरी के बाद बच्ची पूर्ण रूप से स्वस्थ है और उसकी आँखों की रोशनी लौट आई है। इस सफल उपचार में डॉ. स्वेता सोनवानी (नोडल अधिकारी, चिरायु), डॉ. समता रंगारी (नोडल अधिकारी, अंधत्व), डॉ. अबरार आलम, डॉ. शोभा निषाद, फार्मेसिस्ट डुमेन्द्र धुर्वे, लैब टेक्नीशियन मुकेश साहू, तथा ए.एन.एम. टिकेश्वरी एवं नेत्र सहायक अधिकारियों का विशेष योगदान रहा। जानवी साहू के माता-पिता ने जिला प्रशासन, कलेक्टर एवं संपूर्ण स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।

**समस्या : सर्वर की खराबी से कर्मचारी और किसान दोनों परेशान**

# आरंग सोसायटी में 521 किसान ने बेचा धान एवं सर्वर से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



धान उपार्जन केंद्र आरंग में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी का लक्ष्य 80हजार क्विंटल है। धान खरीदी पोर्टल में सर्वर की खराबी से कर्मचारी और किसान दोनों परेशान है। किसानों को शाम तक खरीदी केंद्र में बैठना पड़ रहा है।धान खरीदी के चौथे सप्ताह में ही आरंग सोसायटी में 25 हजार क्विंटल धान की खरीदी करते हुए कुल 05 करोड़ रुपये का उपार्जन दर्ज किया है। 521 किसानों को अब तक 04.5 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है।कुल 1491किसान सदस्य में 521 किसानों ने धान बेच चुके है। किसानों से साढ़े तीन करोड़ की ऋण वसूली में अब तक 01करोड़ रुपये की ऋण वसूली हो चुकी है। प्रबंध समिति इसे सकारात्मक शुरुआत मान रहे हैं।धान खरीदी केंद्र के नोडल अधिकारी नारायण साकार एवं प्रभारी संतोष साहु ने जानकारी देते हुए कहा कि उपार्जन केंद्र में 17 प्रतिशत से कम नमी वाले धान को ही खरीदा जा रहा है। किसानों को नमी मानक का पालन करते हुए धान लेकर आने की सलाह दी जा रही है। उन्होंने बताया कि केंद्र में तौल, पंजीयन, भुगतान और ऋण समायोजन की सभी प्रक्रियाएं पारदर्शिता के साथ की जा रही हैं। किसानों की सुविधा के लिए पेयजल, बैठने की व्यवस्था और छाया जैसे मूलभूत इंतजाम सुनिश्चित किए गए हैं।किसानों ने बताया कि इस बार खरीदी व्यवस्था सुचारू होने से उन्हें राहत मिल रही है। तौल में समय की बचत और त्वरित भुगतान से उपार्जन केंद्र के प्रति भरोसा बढ़ा है। उन्होंने यह भी बताया कि धान खरीदी के 25 दिवस के बाद भी धान का उठाव आंशिक ही हुआ है। 20 हजार क्विंटल धान की बोरी उठाव के इंतजार में है। धान खरीदी में तेजी आने से धान की बोरी रखने की समस्या उत्पन्न हो गया है। स्थान की कमी होने एक साथ अनेक समस्याओं का सभी को सामना करना पड़ेगा। किसानों में असंतोष तो होगा ही साथ ही धान खरीदी व्यवस्था भी प्रभावित होने की संभावना है।

### धान खरीदी को बाधित करने सर्वर डाउन फकत बहाना : कांग्रेस

कूंरा। सरकार अड़गे पे अडंगे लगा कर खरीदी पर रोक लगा रहे पहले किसानों को टोकन एवं खरीदी लिमिट कम कर परेशान किया गया किसानों के लगातार प्रदर्शन सभी समितियों किसानों का हल्ला बोले कही कही समितियों में ताले बंदी करके किसानों द्वारा प्रदर्शन कर के विरोध प्रकट किया गया तब कही जाकर आधे समितियों में धान खरीदी लिमिट बढ़ाया गया एक दिन खरीदी हुआ पुनः सर्वर बंद कर धान खरीदी ढप कर किसानों को परेशान किया जा रहा है किसान सुबह 6बजे से समितियों में आकर धान तौल कराकर कंप्यूटर ऑपरेटर के पास जाके अपलोड करने बैठे है अभी रात्रि 7बजे तक समिति में किसान भूखे प्यासे बैठे है ऐसे स्थिति में किसानों भारी आक्रोशित है ये स्थिति पूरे प्रदेश में बताई जा रही है इसका तात्पर्य ये है किसानों को भटकाना चाह रहे है,आज दोदे कला जरोदा समिति में लगभग 50किसान आक्रोशित होकर प्रदर्शन किया किसानों को परेशान करना बंद करो के नारे लगाते रहे। एसी स्थिति में आक्रोश बढ़ाना स्वाभाविक है ।

### 30 प्रतिशत समितियों में टोकन नहीं कटा : उधोराम

पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रायपुर उधोराम वर्मा ने मांग की है कि सर्वर की समस्या तत्काल चालू करे किसान भूखे प्यासे 7बजे से रात्रि तक डटे हुआ है समितियों में साथ आज खरीदे गए धान को समिति कंप्यूटर में चढ़ाने की व्यवस्था की जाए अन्यथा किसानों का धान बिक नहीं पाएगा,किसानों किसानों का धान खरीदना नहीं चाहता सरकार द्वारा तुगलकी कार्य किया जा रहा है आज पूरे दिन 30%समितियों में टोकन नहीं कटा है जिम्मेदार कौन है एकतरफ आधे अधूरे समितियों का लिमिट बढ़ा है उसका भी कोई राहत नहीं मिला सभी बदइंतजाम अगर जल्दी सुधार नहीं होने पर बड़ा उग्र प्रदर्शन करने की तैयारी किसानों के साथ कल विभिन्न समितियों में बैठक कर रूप रेखा तैयार किया जाएगा । किसानों की इस समस्या पर रायपुर कलेक्टर द्वारा बात करने पर सुधार जारी होने की बात कही है अगर 12बजे रात्रि तक सर्वर चालू नहीं हुआ तो तौल हुए धान की खरीदी नहीं हो पाएगी जल खरीदी बंद रहेगा रात्रि तक किसानों को रतजगा करके कंप्यूट में चढ़वाना होगा।

## नई पाठ्यपुस्तकों के प्रभावी पढ़ाई के लिए शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

विकासखंड अभनपुर में कक्षा 6 के लिए राज्य द्वारा प्रकाशित सामाजिक विज्ञान एवं विज्ञान विषयों की नई पाठ्यपुस्तकों को प्रभावी ढंग से लागू करने हेतु पाँच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अभनपुर श्रीमती भावना ठाकुर, राजेश कुमार साहू तथा विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक राकेश कुमार साहू द्वारा किया गया। यह प्रशिक्षण राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद तथा डीआईईटी रायपुर के निर्देशानुसार आयोजित हो रहा है।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को नई पाठ्यपुस्तकों की संरचना, विषयवस्तु, शिक्षण पद्धति तथा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप किए गए परिवर्तनों से अवगत कराना है। नई पुस्तकों में गतिविधि-आधारित शिक्षण, परियोजना कार्य, स्थानीय संदर्भों और कौशल-आधारित शिक्षण पर विशेष जोर दिया गया है, जिससे छात्रों में आलोचनात्मक चिंतन व समस्या-समाधान क्षमता का विकास हो सके। इस अवसर पर अधिकारियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस पहल से शिक्षण की गुणवत्ता में सकारात्मक सुधार होगा तथा शिक्षक कक्षाओं में अधिक संवादात्मक और गतिविधि-आधारित पद्धति अपना सकेंगे। प्रशिक्षण के दौरान नई पाठ्यपुस्तकों की अवधारणाएँ, पाठ्यचर्या की नई रूपरेखा, कक्षा में संचालित की जाने वाली गतिविधियाँ और एनईपी 2020 के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इस मौके पर मास्टर ट्रेनर श्रीमती टिकेश्वरी साहू, श्रीमती द्रौपदी जोशी, श्रीमती लीलिमा साहू,किशोर कुमार साहू, मनमोहन यादव तथा अज़ीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन से मयंक मिश्रा, मालविका श्रीवास्तव और कविता शुक्ला सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## टेकारी आयुष स्वास्थ्य मेले में 400 लोगों का हुआ इलाज



**आरंग।** ग्राम टेकारी में गुरुवार को विकासखंड स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला/शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर आयुष छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशन, जिला आयुष अधिकारी रायपुर के मार्गदर्शन तथा खंड चिकित्सा अधिकारी आरंग के सहयोग से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में सम्पन्न हुआ। शिविर में गठिया-वात, चर्म रोग, कास, प्रतिश्याय, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, स्त्री रोग, उदर रोग, नेत्र एवं कर्ण रोग सहित विभिन्न बीमारियों के कुल 410 मरीजों की जांच की गई तथा उन्हें निःशुल्क औषधियाँ प्रदान की गईं। साथ ही 117 मरीजों को काढ़ा वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदस्य जिला पंचायत रायपुर कविता हेमंत कश्यप, जनपद सदस्य राजू मनहरे, सांसद प्रतिनिधि मिथलेश साहू, सरपंच हेमा यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रायपुर शारदा देवी वर्मा, अधिवक्ता एवं किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेन्द्र शर्मा और विद्यालय के प्राचार्य एस. के. वर्मा सहित ग्रामीणजन, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर को सफल बनाने में डॉ. अशोक कुमार बांधे (शिविर प्रभारी), डॉ. उत्तरा बघेल, डॉ. संगीता धीरहे, डॉ. जगदीश अनंत, डॉ. ज्योति साहू, फार्मासिस्ट टिकेश्वर ध्रुव, भुनेश्वरी ध्रुव, रेशम पात्रे, औषधालय सेवक उजल सूर्या, कुलदीप चन्द्राकर, धनेश्वरी रात्रे तथा पीटीएस दशरथ लाल साहू सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम की विशेष भूमिका रही।

## चिखली में नए प्राचार्य का किया आत्मीय स्वागत



आरंग। शासकीय हाई स्कूल चिखली में नवीन पदस्थ प्राचार्य का पंचायत प्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं संकुल के सभी शिक्षकों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के भविष्य के लिए नए लक्ष्य एवं योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। ग्रामीण पंचायत प्रतिनिधियों एवं संकुल के शिक्षकों ने नए प्राचार्य को हर संभव सहयोग और समर्थन का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत चिखली की सरपंच इंदिरा संजय टंडन, कार्यवाहक प्रिंसिपल टी.पी. साहू, संकुल समन्वयक विष्णु प्रसाद चेलक, उप सरपंच, पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामीणजन तथा संकुल के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## मितानिनों का फरफौद में शाल व श्रीफल से सम्मान



**आरंग।** मितानिन दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत भवन फरफौद में बीते बुधवार को गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन कर सभी मितानिन दीदियों को श्रीफल और साल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवाओं में मितानिनों की महत्वपूर्ण भूमिका पर विशेष चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रिया पंकज चंद्राकर ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि मितानिनें केवल स्वास्थ्य कार्यकर्ता ही नहीं, बल्कि हर घर की पहली आशा, पहली सहायता और पहली सुरक्षा हैं। बीमारी हो, प्रसव का समय हो या किसी परिवार पर आई आपदा—हमारी मितानिनें बिना थके सबसे पहले पहुँचती हैं। इनका समर्पण हमारे गाँव की ताकत है और इन्हें सम्मानित करना हमारा कर्तव्य। उन्होंने आगे कहा कि ग्राम पंचायत हर आवश्यकता पर मितानिनों के साथ कंधे से कंधा जोड़कर खड़ी रहेगी। कार्यक्रम में उपसरपंच राकेश कुमार चंद्राकर, सचिव दुखुराम निषाद तथा ग्राम के वरिष्ठजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक खेमेस्वरी साहू ने मितानिनों को नवीन स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी दी और उनके कार्यों की सराहना की। समारोह में सम्मानित मितानिनों में रुखमणि चंद्राकर, सीमा चंद्राकर, मंजू चंद्राकर, गीता चंद्राकर, टिकेश्वरी चंद्राकर, उषा चंद्राकर शामिल रहीं। कार्यक्रम के दौरान मितानिनों ने अपने अनुभव साझा किए और ग्रामीण स्वास्थ्य को मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम का संचालन ग्राम पंचायत द्वारा सौहार्दपूर्ण माहौल में किया गया, वहीं ग्रामीणों ने मितानिनों को सम्मानित होते देख गर्व महसूस किया।

## जिला खेलकूद में आरंग का दबदबा, 25 पुरस्कार जीते



**आरंग।** बुधवार को समग्र शिक्षा विभाग के तत्वावधान में दिव्यांग बच्चों की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता निमोरा, अभनपुर में आयोजित की गई। जिसमें आरंग विकासखंड के अनेक विद्यालयों के नौ दिव्यांग छात्रों ने विभिन्न वर्गों की प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्पेशल एजुकेटर लोकेश साहू ने बताया कि विभिन्न प्रतियोगिताओं में विकासखंड के बच्चों ने कुल 25 पुरस्कार प्राप्त किए, जिनमें 13 प्रथम, 10 द्वितीय एवं 2 तृतीय स्थान शामिल हैं। प्रतियोगिता में धनेश्वरी साहू, ऊषा साहू, श्रेया ढीढी, सगुन चन्द्राकर, डामिता कोसरिया, खुशी साहू, गगनदीप टंडन, अंश कुमार साहू, डिगेन्द्र साहू ने विकासखंड का प्रतिनिधित्व किया। इनमें से सर्वाधिक पुरस्कार प्राप्त करने वाली छात्रा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला आरंग की श्रवण बाधित छात्रा धनेश्वरी साहू रहीं, जिन्होंने 6 खेलों में प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियन का खिताब जीता। वहीं पूर्व माध्यमिक शाला अकोली कला के अंश कुमार, हायर सेकेंडरी स्कूल फरफौद के गगनदीप टंडन और डिगेन्द्र साहू ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 4 प्रथम एवं 6 द्वितीय स्थान हासिल कर विकासखंड का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक एस. एस. चंद्रसेन, कोच श्रवण कुमार साहू, स्पेशल एजुकेटर लोकेश कुमार साहू, एवं फिजियोथेरेपिस्ट विरेंद्र साहू उपस्थित रहे और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। जिला स्तरीय इस स्पोर्ट्स इवेंट में छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर जिला सहायक परियोजना अधिकारी माया वर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा, एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक एस. एस. चंद्रसेन ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी छात्रों को बधाई दी।

## माना बरौदा में पंथी नृत्य प्रतियोगिता 19-20 को

**अभनपुर।** माना बरौदा (नवा रायपुर) मे बाबा गुरू घासीदास जंयती के अवसर पर झनकार नर्तक पंथी पार्टी के तत्वाधान मे दो दिवसीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 19 व 20 दिसम्बर को रखा गया है। समिति के सदस्यो ने बताया कि प्रतियोगिता मे प्रथम पुरस्कार 12001 रूपये,द्वितीय 8001 रू एवं तृतीय 6001 रूपये है वही बेस्ट वेशभूषा,गायन,वादन,झांकी सहित अन्य विधा मे विशेष प्रस्तुति करने वाले प्रतिभागी को विशेष पुरस्कार दिया जायेगा।

# मॉडिफाइड बाइक चालक पर पांच हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



तिल्दा पुलिस द्वारा थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक अभियान चलाकर शहर के अंदर तेज रफ्तार बाइक चलाने एवं मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पिछले 10 दिनों में आधा दर्जन से भी अधिक मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर गाड़ी चलाने वालों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की जा चुकी है।

इसी कड़ी में एक युवक अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक CG04 आईटी 7863 में मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर तेज रफ्तार से शहर के व्यस्त मार्ग से गुजर रहा था। जिसकी शिकायत पुलिस से की गई। इसके बाद मोटर साइकिल चला रहे युवक को रोक कर यातायात नियमों का शक्ति से पालन करने की हिदायत देकर उसके विरुद्ध मोटर विकल्प की एक धारा 182 [क] 4 के तहत कार्रवाई करते हुए वाहन को जप्त कर मामले को न्यायालय में पेश किया गया. जिस पर न्यायालय तिल्दा नेवरा के द्वारा वाहन स्वामी पर 5000 का जुर्माना किया गया .साथ ही साइलेंसर को नष्ट करने का आदेश दिया गया। हालांकि द्वारा चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के बावजूद कई ऐसे मनचले युवक है जो शहर के अंदर की व्यस्त सडको सेमोडिफाइड साइलेंसर वाली गाड़ियों को तेज चलते हुए दिखाई देते हैं। कई युवक नशे की हालत में बाइक चलते नजर आते है ..नागरिकों ने गुरु नानक चौक से लेकर हेमू कॉलोनी एवं दीनदयाल चौक तक चेकिंग अभियान चलाने की मांग पुलिस प्रशासन से की है। लोगों का कहना है कि बीच बाजार से तेज रफ्तार गाड़ी चलाने के कारण कई बार दुर्घटना हो चुकी है । लोग गलियों से अचानक निकल कर सड़कों पर आते हैं और तेज गाड़ी चलाने वालों की चपेट में आ जाते हैं।


**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर रायपुर सेक्टर-27 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- एफ3बी-44/404 को श्री गिरिजा शंकर शर्मा पिता स्व.श्री मेवालाल शर्मा, निवासीः-आर-9/579, रामा वेली, वार्ड नं. 01, नगर पालिका बोदरी, बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) के नाम स्ववित्तिय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के विरूद्ध पूर्ण राशि जमा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है। श्री गिरिजा शंकर शर्मा पिता स्व.श्री मेवालाल शर्मा की मृत्यु दिनांक 15.12.2020 को हो गया है। श्रीमती रीना शर्मा पति स्व. श्री गिरिजा शंकर शर्मा ने अपने पति श्री गिरिजा शंकर शर्मा पिता स्व. श्री मेवालाल शर्मा की मृत्यु होने के उपरांत उक्त भवन को अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र के साथ, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन को श्रीमती रीना शर्मा पति स्व. श्री गिरिजा शंकर शर्मा के नाम पर नामांतरण करने में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता (01) तबस्सुम खान, पति स्व. हबीब अशरफ खान, निवासी- मोती नगर, बोरियाखुर्द, रायपुर, जिला रायपुर छ. ग. (02) इफ्फत फातिमा, (03) ना. बा. मुबशीर फातिमा, दोनो पिता स्व. हबीब अशरफ खान, वली माँ तबस्सुम खान, पति-स्व.हबीब अशरफ खान, निवासी-मोती नगर, बोरियाखुर्द, रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. वाले के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि वाके मौजा- मठपुरैना, प.ह.नं. 00061, रा.नि.मं.-रायपुर 14 बोरियाखुर्द, रायपुर, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) है जिसका खसरा नं. 450/2 का भाग, कुल रकबा 0.0605 हेक्टेयर में से 3600 वर्गफूट सम्पत्ति को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर दी गई है बयाना राशि का भुगतान किया जा चुका है एवं विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना शेष है।

अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में सुसंगत दस्तावेजो के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नही किया जायेगा। यह कि उक्त समयवधि के अवसान पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर मान्य एवं बंधनकारी नही होगा। सो सूचना जाने।

स्थान - रायपुर छ.ग. दिनांक 12/12/2025

**गीतेश कुमार बैस, अधिवक्ता**
**साहू काम्पलेक्स, टिकरापारा, रायपुर छ.ग.**
**मो. नं. 98274-62029, 88891-44490**

**न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में**
**मामला क्रमांकः 202511112800013/36**
**विषयः- अ-20 (3) सनः- 2025-2026**
**मामले की श्रेणी :- राजस्व**

रायपुर प.ह.न. 00062 [(हे.) ]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- (1) मोहम्मद अरिश खान पिता अब्दुल युसूफ खान, (2) मोहम्मद अमजद खान पिता अब्दुल युसूफ खान,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं मौजा बैरनबाजार के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण (1) मोहम्मद अरिश खान पिता अब्दुल युसूफ खान, (2) मोहम्मद अमजद खान पिता अब्दुल युसूफ खान, निवासी- हनुमान नगर, कालीबाडी चौंक के पास, रायपुर वार्ड क्रमांक 46, मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 110 के तहत नामांतरण बाबत आवेदन पेश किया है कि मौजा बैरनबाजार स्थित ब्लॉक / शीट नंबर-103, भूखण्ड क्रमांक-3/2/15, रकबा 2100 वर्गफुट भूमि, भूखण्ड क्रमांक- 14, नजूल प्लॉट नंबर-15, रकबा 2100 वर्गफुट भूमि को आवेदकगणों ने हिबाकर्ता अमीन अहमद से हिबानामा दिनांक 21/11/2024 के माध्यम से हिबा में प्राप्त किये हैं। आवेदकगणों के द्वारा उक्त भूमि मय मकान पर से हिबाकर्ता / अमीन अहमद का नाम विलोपित कर हिबाप्राप्तकर्ता/ आवेदक का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र के साथ हिबानामा की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 31/12/2025 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-21 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपित्त दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/12/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर **NAVIN KUMAR THAKUR**
**नजूल अधिकारी, रायपुर**

**- आम सूचना-**

**(वाके मौजा-ग्राम-मुनरेठी, प.ह.न-0012, रा.नि.म. चंदखुरी, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर (छ:ग) के स्वामित्व हक कि भूमि खसरा नंबर क्रमशः ख. नं (1) 152 रकबा 0. 2300 हे., ख. नं (2) 153 रकबा 0.5900 हे., ख. नं (3) 155 रकबा 0.0400 हे., ख. नं (4) 152/890 रकबा 0.0400 हे. कुल खसरा 04 कुल रकबा 0.900 हेक्टेयर के संबंध में)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता-करण दास सतनामी पिता सीताराम सतनामी, एवं वर्तमान भूमि स्वामी श्रीमती रूखमणी देवी सतनामी पति श्री करण दास सतनामी निवासी ग्राम-मुनरेठी, तहसील वो थाना-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो कि वाके मौजा-ग्राम-मुनरेठी, प.ह.न-0012, रा.नि.म. चंदखुरी, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व हक कि भूमि खसरा नंबर क्रमशः ख. नं (1) 152 रकबा 0.2300 हे., ख. नं (2) 153 रकबा 0.5900 हे., ख. नं (3) 155 रकबा 0.0400 हे., ख. नं (4) 152/890 रकबा 0.0400 हे. कुल खसरा 04 कुल रकबा 0.900 हेक्टेयर भूमि धारित की जाती है जिसे क्रय कर ने का पक्का सौदा तय कर बयाना की राशि अदा कर दिया गया है केवल बैनामा पंजीयन की कार्यवाही मात्र शेष है। वर्तमान में मेरे पक्षकार को विश्वस्त सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई कि विक्रेतागण द्वारा सौदा भूमि को किसी अन्य के पक्ष में हस्तांतरण/अंतरण या विक्रय किये जाने का प्रयास किया जा रहा है एवं कुछ भाग को टुकड़ों में हस्तांतरण कर दिया गया है जो कि पूर्णतः अनुचित एवं गैर कानूनी कृत्य है।

अतः इस आम सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण आम जनता, बैंक, शासकीय एवं अशासकीय संस्था, साहूकार, वित्तीय संस्थाये इत्यादि को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के साथ हुए इकरारशुदा भूमि का किसी प्रकार से कोई विक्रय इकरार, विक्रय संव्यवहार या किसी प्रकार का कोई स्वामित्व हस्तांतरण संबंधित कोई भी संव्यवहार ना करें, यदि किसी प्रकार से कोई संव्यवहार किया जाता है तो वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा एवं विधि विरूद्ध संव्यवहार के लिये आप स्वयं जवाबदार रहेंगे। **सो सूचना जाने।**

रायपुर छ.ग.
दिनांक 12/12/2025

**भवदीय**
**अधिवक्ता अनुज मिश्रा**
**पता रेलवे कालोनी मंदिर हसौद रायपुर**
**छत्तीसगढ़ मो. नं.-9893130323**

**ईश्तहार**

पत्र क्र./26248/न.पा.नि./जोन क्र.-9/2025
रायपुर/दिनांक 09/12/2025

नामांतरण प्र.क्र. वार्ड क्र. 51 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 51 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR328ZE072G जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती DEEPAK FAGWANI S/O GHANSHYAM DAS FAGWANI, HIMANSHI FAGWANI पिता / पति श्री/श्रीमती Ghanshyam das fagwani के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती Vikash chandak पिता / पति श्री/श्रीमती Pyare lal chandak ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**"सूचना जारी करे"**
**श्री संतोष पाण्डेय**
**(जोन कमिश्नर) जोन (9)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

# नए प्रभारियों को अपने क्षेत्र में सक्रिय होने के साथ एसआईआर के दूसरे चरण पर फोकस करने का फरमान

## भाजपा की बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग, प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, मुख्यमंत्री साय, मंत्रिमंडल के सदस्य विधायक, सांसद भी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन की बड़ी बैठक में विधानसभा, संभाग और जिलों के प्रभारियों को उनकी जिम्मेदारी के बारे में बताते हुए इनको अपने क्षेत्र पर ज्यादा से ज्यादा सक्रिय रहते हुए भाजपा को मजबूत करने के निर्देश दिए गए। खासकर जिन विधानसभाओं में भाजपा को पिछले चुनाव में हार मिली थी, वहां के प्रभारियों को अगले चुनाव में भाजपा की जीत के लिए अभी से जुटने के लिए कहा गया।

एसआईआर के दूसरे चरण पर सभी से फोकस करने के लिए कहा गया। इसमें महिला मोर्चा और भाजयुमो की भूमिका पर जोर दिया गया। इसी के साथ सभी मोर्चा के अध्यक्षों को अपनी कार्यकारिणी जल्द से जल्द बनाने के लिए कहा गया है। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में हुई बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और एसआईआर के राष्ट्रीय प्रभारी तरुण चुग, भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्रिमंडल के ज्यादातर सदस्य, विधायक, सांसद, प्रदेश संगठन के पदाधिकारी, विधानसभा, संभाग और जिलों के प्रभारियों के साथ सभी जिलाध्यक्ष, मोर्चा के अध्यक्ष शामिल हुए।

### एसआईआर के दूसरे चरण पर दें ध्यान

बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग से प्रदेश में एसआईआर के पहले चरण में संगठन के काम को सराहा और अब दूसरे चरण पर सभी से फोकस करने के लिए कहा। उन्होंने महिला मोर्चा और भाजयुमो से कहा, आपकी इसमें विशेष भूमिका रहने वाली है। आपकी टीम इस पर गंभीरता से काम करे। एसआईआर के पहले चरण के बारे में पूरी जानकारी लेकर उसकी समीक्षा भी की गई। इसी के साथ आत्मनिर्भर भारत को लेकर अब तक किए गए कार्यक्रमों की जानकारी लेकर आने वाले समय में होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की गई।






### प्रभारियों को बताई जिम्मेदारी

प्रदेश संगठन ने उन विधानसभाओं में प्रभारी बनाएं हैं जिन विधानसभाओं में भाजपा को पिछले चुनाव में हार मिली थी। इसी के साथ संभाग और जिलों के प्रभारी भी बनाए गए हैं। सभी से अभी से अपने क्षेत्र में सक्रिय होकर भाजपा को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय नेताओं ने निर्देश दिए। खासकर जिन विधानसभाओं में हार मिली थी, उन पर ज्यादा फोकस करते हुए प्रभारियों को काम करने के लिए कहा गया। इसी के साथ जिन विधानसभाओं में भाजपा के विधायक हैं, उनको भी अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर काम करने के लिए कहा गया। बैठक में संगठन के विस्तार पर भी चर्चा की गई। राष्ट्रीय नेताओं को बताया गया, अब तक क्या-क्या किया गया है और क्या बाकी है।

### राहुल गांधी की समझ बढ़ाने वाला न इंजेशक्शन न टॉनिक : तरुण चुग

राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए एसआईआर को लेकर कांग्रेस के सवालों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सदन में जो विषय रखा, वह सबने सुना। राहुल गांधी ने कहा, गृहमंत्री की बात उन्हें समझ नहीं आई। श्री चुग ने कहा, कुछ लोगों की समझ ही ऐसी होती है। स्पष्टता से दिया भाषण आमजनता को समझ आ रहा है, लेकिन राहुल गांधी को समझ नहीं आ रहा है। उनकी समझ बढ़ाने का कोई टॉनिक या इंजेक्शन नहीं है, जो उन्हें इंजेक्शन दें। उनकी मंदबुद्धि पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा। उन्होंने कहा, वोटर शुद्धिकरण का विरोध घुसपैठियों को बचाने की कोशिश है।



राहुल गांधी के नेतृत्व में भ्रष्ट युवराज-युवरानियों की टोली घुसपैठियों को मताधिकार देना चाहती है, जो लोकतंत्र के लिए जहर है।श्री चुग ने बताया आज संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गई है। सरकार ने अब तक जो विकास के काम किए हैं, उन्हें जन-जन तक पहुंचाने पर चर्चा की गई। 2 साल के रिपोर्ट कार्ड पर भी विचार हुआ है। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता संतोष पाण्डेय ने बैठक को लेकर कहा मुख्यमंत्री, पदाधिकारी, जिला व विधानसभा प्रभारी बैठक में मौजूद रहे। दायित्वों की विस्तृत जानकारी दी गई है।

## खबर संक्षेप



### राष्ट्र कवि मैथिलीशरण गुप्त की मनी पुण्यतिथि

**रायपुर**। राष्ट्र कवि मैथिली शरण गुप्त की शुक्रवार को पुण्यतिथि मनाई गई। नगर निगम के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में जलविहार कॉलोनी उद्यान परिसर में स्थित मैथिलीशरण गुप्त की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर संस्कृति विभाग के अध्यक्ष अमर गिदवानी सहित गहोई वैश्य समाज रायपुर के अशोक बानी सहित जोन क्षेत्र के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### श्रवण बाधित अभ्यर्थियों के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू 17 को

**रायपुर** । समाज कल्याण विभाग श्रवण बाधित दिव्यांग अभ्यर्थियों को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से विशेष वॉक-इन-इंटरव्यू का आयोजन करने जा रहा है। यह इंटरव्यू बी.पी.सी.एल. कम्पनी में भर्ती के लिए 17 दिसंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक संबल केंद्र गांधी मैदान के सामने रायपुर में होगा। इस वॉक इन इंटरव्यू में कुल 20 पदों पर चयन किया जाएगा। इसमें दसवीं उत्तीर्ण सहित उच्चतर उत्तीर्ण अभ्यर्थी शामिल हो सकेंगे।

### कलेक्टर ने की केंद्र की योजनाओं की समीक्षा



**रायपुर**। कलेक्टर गौरव सिंह ने शुक्रवार को जिला स्तरीय परामर्श समिति की बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना, इंटरप्राइजेस फाइनेंस, पीएमईजीपी, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंड अप इंडिया, पीएम स्वनिधि, पीएम किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम आवास योजना, अटल पेंशन योजना सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने बैंकों को सभी लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान करना प्राथमिकता है। उन्होंने बैंकिंग संस्थाओं को प्राथमिकता और कमजोर वर्ग के ऋणों को न्यूनतम मानक स्तर तक लाने हेतु विशेष रूप से काम करने की आवश्यकता बताई।

## सरकार की दूसरी सालगिरह पर मीडिया से मुख्यमंत्री की चर्चा

# साय बोले- नक्सलवाद को समाप्त करना ही काफी नहीं, उस क्षेत्र में विकास को पहुंचाना बड़ा काम होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त कर देना ही काफी नहीं होगा। उस क्षेत्र में विकास पहुंचाना बड़ा काम होगा। श्री साय ने राज्य में उनके नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के कार्यकाल के दो साल पूरे होने के अवसर पर मीडिया से चर्चा करते हुए ये बात कही। इस मौके पर उन्होंने अपनी सरकार की दो साल की उपलब्धियां गिनाते हुए पांच प्रमुख कार्यों की विस्तार से जानकारी दी और बताया कि इससे प्रदेश की जनता पर गहरा असर हुआ है।

मुख्यमंत्री ने अपनी बात की शुरुआत करते हुए कहा है कि सरकार के दो साल के कार्यकाल के दौरान कई उपलब्धियां हैं, इनमें से कुछ को वे बताने का प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर सरकार के दोनों उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा, मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप, दयालदास बघेल, श्याम बिहारी जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े और टंकराम वर्मा भी मौजूद थे। सरकार की दूसरी सालगिरह पर मुख्यमंत्री और मंत्रियों ने जनसंपर्क विभाग द्वारा दो साल की उपलब्धियों और सरकार के कार्यों पर आधार पुस्तक पुस्तिकाओं का विमोचन भी किया।

### सरकार की उपलब्धियों का ब्योरा

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपनी सरकार के दो साल के कार्यकाल की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में राज्य के 18 लाख गरीब लोग पीएम आवास योजना से वंचित हुए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां विधानसभा चुनाव( 2023) के प्रचार के दौरान कहा था कि यहां बीजेपी सरकार बनती है तो 18 लाख पीएम आवास बनाए जाएंगे। श्री साय ने कहा कि सरकार बनने के बाद सबसे पहले 14 दिसंबर 2023 को 18 लाख पीएम आवास की मंजूरी दी गई। इनमें से बहुतों के आवास बन गए हैं और बहुतों के लिए बनाने का काम भी चल रहा है।



### सत्र के बहिष्कार पर बोले सीएम

राज्य विधानसभा सत्र की शुरुआत 14 दिसंबर से हो रही है, कांग्रेस ने सत्र के पहले दिन बहिष्कार की बात कही है, इस सवाल के जवाब में श्री साय ने कहा कि विपक्ष का ताकतवर होना जरूरी है, लेकिन वे लगातार हो रही हार से बौखला गए हैं। विपक्ष पूरी तरह मुद्दा विहीन हो गया है। वे सत्र के पहले दिन का बहिष्कार कर रहे हैं, यह उनका पसर्नल मैटर है। एक अन्य सवाल जो राज्य में मोदी की गारंटी के संबंध में था, इसके जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी की गारंटी के अधिकतर काम पूरे हुए हैं और जो पूरे नहीं हुए हैं उन्हें पूरा करना है, जनता ने हमे पांच साल के लिए जनादेश दिया है। जो गारंटी दी गई है उसे पूरा करेंगे।

### पीएससी पर बढ़ा है विश्वास

पिछली कांग्रेस सरकार के समय हुए पीएससी घोटाले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वादा किया था कि पीएससी घोटाले बाज दंडित होंगे। अब इस मामले की सीबीआई जांच चल रही है। कई लोग जेल जा चुके हैं। श्री साय ने कहा कि दो साल से पीएससी की परीक्षाएं हो रहीं है, और पीएससी पर विश्वास बढ़ा है।

### तेंदूपत्ता की कीमत बढ़ाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य के तेंदूपत्ता संग्राहकों के हित में बड़ा कदम उठाते हुए तेंदुपत्ता की कीमत 4 हजार रुपए मानक बोरा से बढ़ाकर साढ़े पांच हजार रुपए किया। इससे 13 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों को लाभ पहुंच रहा है। उन्होंने ये भी कहा कि सरकार भूमिहीन कृषकों को 10 हजार रुपए प्रति वर्ष दे रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने चुनाव के दौरान जो वादे किए थे, उन्हें पूरा किया जा रहा है।

### नक्सलवाद बाधक था अब डबल इंजन सरकार में विकास

मुख्यमंत्री ने नक्सलवाद की चर्चा करते हुए कहा कि नक्सलवाद विकास में बाधक था, अब राज्य में डबल इंजन सरकार बनने के बाद दो साल में विकास हुआ है। हमारे जवान साहस के साथ नक्सलवाद के खिलाफ लड़ रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश पर चल रहे अभियान के तहत दो साल में 505 नक्सली न्यूट्रलाइज किए गए है, दो हजार से अधिक ने आत्मसमर्पण किया है। एक हजार से अधिक की गिरफ्तारी की गई है। कांग्रेस पांच साल में भी नक्सलियों से लड़ नहीं पाई थी। इसके साथ ही उन्होंने ये भी जोड़ा कि लड़ाई खत्म होने के बाद भी वहां विकास की जरुरत है। इसके लिए हमारी सरकार नियद नेल्लानार योजना के तहत प्रभावित क्षेत्र में विकास पहुंचा रही है। बस्तर क्षेत्र में दूरसंचार के साधन बनाए जा रहे हैं, स्कूल, अस्पताल खुल रहे हैं। बस्तर में उजड़ चुके 400 गांव फिर से आबाद हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ दो साल में अभूतपूर्व काम किया गया है।

### किसानों से 31 सौ में 21 क्विंटल धान की खरीदी

मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने राज्य के किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 31 सौ रुपए के भाव से खरीदने का वादा पूरा किया। यही नही समर्थन मूल्य देने के बाद अंतर की राशि भी एक सप्ताह में दी गई। यही नहीं वादे के मुताबिक पूर्व के वर्षों का बकाया बोनस भी दिया। इससे 13 लाख किसानों को लाभ हुआ।

### 200 यूनिट बिजली पर सब्सिडी

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनहित में 200 यूनिट तक बिजली उपभोग पर सब्सिडी दी जा रही है तथा सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में केंद्र के साथ राज्य सरकार की सब्सिडी भी मिल रही है। शहरी मध्यम व निम्न वर्ग को किफायती भूखंड उपलब्ध कराने छत्तीसगढ़ किफायती जन आवास नियम बनाया गया है। जल जीवन मिशन के तहत 40 लाख से अधिक परिवारों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा चुका है और वर्ष 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य हेतु अंजोर विजन दस्तावेज तैयार किया गया है।

### महतारी वंदन से महिलाओं के चेहरों पर मुस्कान

श्री साय ने अपनी सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक महतारी वंदन का जिक्र किया। उन्होंने कहा इस योजना की शुरुआत सरकार बनने के तीन महीने बाद की गई थी। योजना में अब तक महिलाओं को 14 हजार 306 करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि जब हम लोग गांवों में जाते हैं तो महिलाओं के चेहरों पर मुस्कान दिखती है। महिलाएं इस राशि का उपयोग समृद्धि पाने के लिए कर रही हैं।

### सरकार ने किए कई और जनहितैषी काम

प्रमुख उपलब्धियों के अलावा सरकार के अन्य जनहितैषी कार्यों की उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि रामलला दर्शन योजना में 38 हजार लोग सरकारी खर्च पर रामलला का दर्शन कर चुके हैं। पांच हजार बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा का मौका मिला है। इसी तरह राजिम कुंभ को भव्य स्वरूप बनाया गया है। बस्तर दशहरा जो 75 दिन चलता है, उससे लिए बजट बढ़ाया गया है। सरकार में सुशासन और अभिसरण के लिए अलग विभाग बनाया गया है। अटल मॉनीटरिंग पोर्टल के माध्यम से कामकाज की निगरानी की जा रही है। राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण बनाया है, जिसमें बड़े प्रोजेक्ट ला रहे हैं। इसके साथ ही सरकार के जीएसटी कलेक्शन में 54 प्रतिशत की वृद्धि हुआ है। सरकार नई औद्योगिक नीति लेकर आई है अब तक 8 लाख करोड़ रुपए के एमओयू हुए निवेश प्रस्ताव मिल रहे हैं। केवल एमओयू नहीं, ब्लकि धरातल पर ही काम हो रहे हैं। सेमीकंडक्टर, एआई और डाटा सेंटर काम कर रहा है। सरकार अब तक 10-12 हजार लोगों को नौकरी दे चुकी है। पांच हजार शिक्षकों की भर्ती चल रही है। यही नहीं नई औद्योगिक नीति के माध्यम से रोजगार देने की कोशिश कर रहे हैं। रायपुर में कार्गो सेवा, रजिस्ट्री प्रणाली की सरलीकरण, मंत्रालय में ई ऑफिस आदि की व्यवस्था से पारदर्शिता आई है। नक्सली पुनर्वास नीति भारी संख्या में समर्पण हुआ है। समपर्ण करने वालों को भी दस हजार रुपए सहायता राशि दे रहे हैं। उन्हें शहरी क्षेत्र में भी चार डिसमिल जगह या खेती की जमीन दी जा रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बताया कि छत्तीसगढ़ में अधोसंरचना विकास को अभूतपूर्व गति मिली है। प्रदेश में 47 हजार करोड़ रुपये से अधिक की रेल परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है तथा खरसिया–परमालकसा रेललाइन को स्वीकृति मिल चुकी है, जिससे राज्य के प्रमुख इंडस्ट्रियल कॉरिडोर आपस में जुड़ेंगे। विशाखापट्टनम और रांची से जोड़ने वाले एक्सप्रेस-वे पर काम तेजी से चल रहा है। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास हेतु 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक की 37 परियोजनाएं प्रगतिशील हैं।

## आधा दर्जन से अधिक राइस मिलों में दबिश, स्टॉक से अधिक मिला धान, सभी को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खाद्य विभाग एवं मंडी बोर्ड की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को जिले के आधा दर्जन से अधिक राइस मिलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान इन मिलों में स्टॉक से अधिक धान का भंडारण किया हुआ मिला। टीम ने इन सभी राइस मिलों के संचालकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

अधिकारियों का कहना है कि जवाब संतोषजनक नहीं होने पर मंडी एक्ट के तहत धान को राजसात किया जाएगा। इधर दूसरी ओर राइस मिल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का विरोध किया है। इसे लेकर पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा है। कलेक्टर गौरव सिंह के निर्देश पर जिले में धान के अवैध परिवहन, भंडारण, संग्रहण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई खाद्य विभाग एवं मंडी बोर्ड की संयुक्त टीम द्वारा की जा रही है। इस कड़ी में टीम ने 7 राइस मिलों में छापा मारा और यहां से अवैध रूप से भंडारण कर रखा गया बड़ी मात्रा में धान जब्त किया। इस छापेमारी के दौरान टीम ने इन मिलों से 900 क्विंटल से अधिक अवैध धान जब्त किया है।

- धान के अवैध भंडारण पर खाद्य विभाग एवं मंडी बोर्ड की संयुक्त कार्रवाई



### इन मिलों में पड़ा छापा

आदर्श राइस मिल अभनपुर में 68 क्विंटल, बालाजी पैडी प्रोसेसिंग खोरपा में 100 क्विंटल, श्री खाटूश्याम सोटैक्स प्रा.लि. कुरा में 206 क्विंटल, श्री खाटू श्याम राइस मिल कुरा में 209 क्विंटल, श्री अंबिका एग्रो प्रा.लि बरबंदा में 112.00 क्विंटल, श्री जगन्नाथ राइस मिल में 160 क्विंटल, श्रीराम एग्रो में 102 क्विंटल धान अवैध रूप से भंडारण मिला। टीम ने अवैध धान को जब्त कर सुपुर्दगी की कार्रवाई की।

### राइस मिल पदाधिकारियों ने किया विरोध

*इधर राइस मिलों में लगातार हो रही कार्रवाई को लेकर राइस मिलर्स एसोसिएशन भी विरोध में उतर आया है। तिल्दा नेवरा के राइस मिलर घनश्याम अग्रवाल, विकास सोनी खरोरा, सन्नी अग्रवाल सहित एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य कलेक्टोरेट पहुंचे और अपर कलेक्टर से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि राइस मिलों पर दबाव बनाने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की जा रही है।*

### 270 में 148 मिलरों ने ही कराया पंजीयन

जिले में 139 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की जा रही है। धान खरीदी के साथ अब उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव भी शुरू हो गया है, लेकिन जिले में उठाव की रफ्तार काफी धीमी है। इसका कारण जिले में अभी तक 270 में 148 मिलरों ने ही धान उठाव के लिए विभाग के पोर्टल पर पंजीयन कराया है। शेष 122 मिलरों का अब तक पंजीयन नहीं हो पाया है। इस तरह जिले में लगभग 55 प्रतिशत मिलरों के द्वारा ही उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव किया जा रहा है।

### 70 प्रतिशत चावल जमा नहीं करने के कारण पंजीयन भी नहीं

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के पोर्टल में पंजीयन कराने के बाद ही मिलर्स धान का उठाव शुरू करते हैं, लेकिन पिछले वर्ष में उठाव हुए धान का 70 प्रतिशत चावल अभी तक थोक में मिलर जमा नहीं किए हैं। पोर्टल के साफ्टवेयर के अनुसार 70 प्रतिशत से कम चावल जमा करने वाले राइस मिलर्स का आवेदन स्वीकार ही नहीं किया जा रहा है। इसके कारण उनका पंजीयन भी नहीं हो पाया है।

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता (01) तबस्सुम खान, पति स्व. हबीब अशरफ खान, निवासी- मोती नगर, बोरियाखुर्द, रायपुर, जिला रायपुर छ. ग. (02) इफ्फत फातिमा, (03) ना. बा. मुबशीर फातिमा, दोनो पिता स्व. हबीब अशरफ खान, वली माँ तबस्सुम खान, पति-स्व.हबीब अशरफ खान, निवासी- मोती नगर, बोरियाखुर्द, रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. वाले के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि वाके मौजा- मठपुरैना, प.ह.नं. 00061, रा.नि.मं.- रायपुर 14 बोरियाखुर्द, रायपुर, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) है जिसका खसरा नं. 450/2 का भाग, कुल रकबा 0.0605 हेक्टेयर में से 3600 वर्गफूट सम्पत्ति को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर दी गई है बयाना राशि का भुगतान किया जा चुका है एवं विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना शेष है।

अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में सुसंगत दस्तावेजो के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नही किया जायेगा। यह कि उक्त समयवधि के अवसान पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर मान्य एवं बंधनकारी नही होगा। सो सूचना जाने।

स्थान - रायपुर छ.ग. दिनांक 12/12/2025

**गीतेश कुमार बैस, अधिवक्ता**
**साहू काम्पलेक्स, टिकरापारा, रायपुर छ.ग.**
**मो. नं. 98274-62029, 88891-44490**

### नेता प्रतिपक्ष डा. महंत की अध्यक्षता में कांग्रेस विधायक दल की बैठक

# विधानसभा सत्र के पहले दिन कांग्रेस के बहिष्कार की चर्चा थी पार्टी ने कहा- बहिष्कार नहीं, पर आधे सदस्य जाएंगे दिल्ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा का 14 दिसंबर से शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले राज्य की सियासत गरमा रही है। इसी बीच सियासी हल्कों में ये चर्चा तेजी से फैली कि विपक्षी कांग्रेस पहले दिन ही सदन का बहिष्कार करेगी। इस पर पार्टी ने साफ किया है कि बहिष्कार जैसी कोई बात नहीं है। दरअसल इस दिन पार्टी का एक बड़ा कार्यक्रम दिल्ली में है, पार्टी के करीब आधे विधायक वहां जाएंगे। जो यहां रहेंगे, वे सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेंगे।

### महंत की अध्यक्षता में बैठक, बनी रणनीति

इधर राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस विधायक दल के नेता डा. चरणदास महंत की अध्यक्षता में शुक्रवार को कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई। इस बैठक में सत्र के दौरान सत्तापक्ष को घेरने के लिए रणनीति बनाई गई है।




### विजन 2047 का बहिष्कार

विधानसभा सत्र के दौरान पहले दिन 14 दिसंबर को सरकार विजन 2047 पर चर्चा करवाएगी। लेकिन कांग्रेस ने तय किया है कि वह इस विषय पर चर्चा का बहिष्कार करेगी।

### 23 विधायक हुए बैठक में शामिल

विधायक दल की बैठक में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रदेष कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधायक लालजीत सिंह राठिया, लखेश्वर बघेल, इंद्रशह मंडावी, विक्रम मंडावी, देवेन्द्र यादव, कुंवर सिंह निषाद, संगीता सिन्हा, द्वारिकाधीश यादव, दिलीप लहरिया, शेषराज हरबंश, अटल श्रीवास्तव, बालेश्वर साहू, राघवेन्द्र सिंह, चातुरी नंद, फूल सिंह राठिया, कविता प्राण लहरे, जनक ध्रुव, ओंकार साहू, इंद्र साव, पीसीसी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू, कांग्रेस विधायक दल सचिव अमित पांडे, प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला, प्रदेश कांग्रेस वरिष्ठ प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी उपस्थित थे।

### ये मुद्दे उठाएगी कांग्रेस

कांग्रेस सत्र के दौरान जिन मुद्दों को उठाने की तैयारी में है, उनमें ये विषय शामिल हैं। प्रदेश में धान खरीदी योजना में व्यापक कुप्रबंधन और अनियमितता। प्रदेश में जमीन क्रय विक्रय हेतु बढ़ी हुई कलेक्टर गाईड लाइन दर का विरोध। प्रदेश में संवैधानिक पदों पर आसीन पदाधिकारियों द्वारा संवैधानिक प्रक्रियाओं का अतिक्रमण,प्रदेश के खाद्य विभाग एवं वन विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार तथा अनियमितताएं के संबंध में। प्रदेश में लगातार हो रही औद्योगिक दुर्घटनाओं के नियंत्रण में सरकार की विफलता। प्रदेश में बढ़ते प्रदूषण के नियंत्रण में सरकार की विफलता। स्कूल शिक्षा विभाग में सेवा भर्ती नियम का अतिक्रमण कर स्पेशल एजूकेटर की सीधी भर्ती। प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों की गिरती रैंकिंग, प्रदेश के शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में पिछले 21 वर्षों से लंबित व्याख्याताओं की भर्ती के संबंध आदि।

**न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में**
**मामला क्रमांकः 202511112800013/36**
**विषयः- अ-20 (3) सनः- 2025-2026**
**मामले की श्रेणी :- राजस्व**

रायपुर प.ह.न. 00062 [(हे.) ]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- (1) मोहम्मद अरिश खान पिता अब्दुल युसूफ खान, (2) मोहम्मद अमजद खान पिता अब्दुल युसूफ खान,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं मौजा बैरनबाजार के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण (1) मोहम्मद अरिश खान पिता अब्दुल युसूफ खान, (2) मोहम्मद अमजद खान पिता अब्दुल युसुफ खान, निवासी- हनुमान नगर, कालीबाडी चौंक के पास, रायपुर वार्ड क्रमांक 46, मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 110 के तहत नामांतरण बाबत आवेदन पेश किया है कि मौजा बैरनबाजार स्थित ब्लॉक / शीट नंबर-103, भूखण्ड क्रमांक- 3/2/15, रकबा 2100 वर्गफुट भूमि, भूखण्ड क्रमांक- 14, नजूल प्लॉट नंबर-15, रकबा 2100 वर्गफुट भूमि को आवेदकगणों ने हिबाकर्ता अमीन अहमद से हिबानामा दिनांक 21/11/2024 के माध्यम से हिबा में प्राप्त किये हैं। आवेदकगणों के द्वारा उक्त भूमि मय मकान पर से हिबाकर्ता / अमीन अहमद का नाम विलोपित कर हिबाप्राप्तकर्ता/ आवेदक का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र के साथ हिबानामा की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 31/12/2025 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-21 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपित्त दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/12/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
**NAVIN KUMAR THAKUR**
**नजूल अधिकारी, रायपुर**

**- आम सूचना-**

**(वाके मौजा-ग्राम-मुनरेठी, प.ह.न-0012, रा.नि.म. चंदखुरी, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर (छःग) के स्वामित्व हक कि भूमि खसरा नंबर क्रमशः ख. नं (1) 152 रकबा 0. 2300 हे., ख. नं (2) 153 रकबा 0.5900 हे., ख. नं (3) 155 रकबा 0.0400 हे., ख. नं (4) 152/890 रकबा 0.0400 हे. कुल खसरा 04 कुल रकबा 0.900 हेक्टेयर के संबंध में)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता-करण दास सतनामी पिता सीताराम सतनामी, एवं वर्तमान भूमि स्वामी श्रीमती रूखमणी देवी सतनामी पति श्री करण दास सतनामी निवासी ग्राम-मुनरेठी, तहसील वो थाना-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो कि वाके मौजा-ग्राम-मुनरेठी, प.ह.न-0012, रा.नि.म. चंदखुरी, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व हक कि भूमि खसरा नंबर क्रमशः ख. नं (1) 152 रकबा 0.2300 हे., ख. नं (2) 153 रकबा 0.5900 हे., ख. नं (3) 155 रकबा 0.0400 हे., ख. नं (4) 152/890 रकबा 0.0400 हे. कुल खसरा 04 कुल रकबा 0.900 हेक्टेयर भूमि धारित की जाती है जिसे क्रय कर ने का पक्का सौदा तय कर बयाना की राशि अदा कर दिया गया है केवल बैनामा पंजीयन की कार्यवाही मात्र शेष है। वर्तमान में मेरे पक्षकार को विश्वस्त सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई कि विक्रेतागण द्वारा सौदा भूमि को किसी अन्य के पक्ष में हस्तांतरण/अंतरण या विक्रय किये जाने का प्रयास किया जा रहा है एवं कुछ भाग को टुकड़ों में हस्तांतरण कर दिया गया है जो कि पूर्णतः अनुचित एवं गैर कानूनी कृत्य है।

अतः इस आम सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण आम जनता, बैंक, शासकीय एवं अशासकीय संस्था, साहूकार, वित्तीय संस्थाये इत्यादि को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के साथ हुए इकरारशुदा भूमि का किसी प्रकार से कोई विक्रय इकरार, विक्रय संव्यवहार या किसी प्रकार का कोई स्वामित्व हस्तांतरण संबंधित कोई भी संव्यवहार ना करें, यदि किसी प्रकार से कोई संव्यवहार किया जाता है तो वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा एवं विधि विरूद्ध संव्यवहार के लिये आप स्वयं जवाबदार रहेंगे। **सो सूचना जाने।**

रायपुर छ.ग.
दिनांक 12/12/2025

**भवदीय**
**अधिवक्ता अनुज मिश्रा**
**पता रेलवे कालोनी मंदिर हसौद रायपुर**
**छत्तीसगढ़ मो. नं.-9893130323**

**ईश्तहार**

पत्र क्र./26248/न.पा.नि./जोन क्र.-9/2025
रायपुर/दिनांक 09/12/2025

नामांतरण प्र.क्र. वार्ड क्र. 51 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 51 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR328ZE072G जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती DEEPAK FAGWANI S/O GHANSHYAM DAS FAGWANI, HIMANSHI FAGWANI पिता / पति श्री/श्रीमती Ghanshyam das fagwani के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती Vikash chandak पिता / पति श्री/श्रीमती Pyare lal chandak ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**"सूचना जारी करे"**
**श्री संतोष पाण्डेय**
**(जोन कमिश्नर) जोन (9)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### विप्र कॉलेज में इंटर कॉलेज बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा 17 को

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वावधान में विप्र महाविद्यालय में इंटर कॉलेज बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन 17 दिसंबर को किया गया है। यह जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया कि रविवि के खेल कैलेंडर अनुसार पूर्व में यह प्रतियोगिता 5 व 6 जनवरी को आयोजित थी। 27 से 31 दिसंबर को अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता को ध्यान में रखते हुए आयोजन 17 दिसंबर को रखा गया है।

### अंधविश्वास से बड़ा कोई दानव नहीं : डॉ. निर्वाणी

**रायपुर।** कोरबा में तंत्र-मंत्र के बहकावे में तीन लोगों की हुई निर्मम हत्या ने पूरे छत्तीसगढ़ को हिलाकर रख दिया है। धर्म स्तंभ काउंसिल ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे अंधविश्वास, तांत्रिक कुप्रथाओं और धन-लालसा पर आधारित अपराध का भयावह उदाहरण बताया है। काउंसिल का कहना है, यह अत्यंत चिंताजनक है कि आज भी समाज में कुछ लोग "धन-वर्षा", "चमत्कार" और "गुप्त तांत्रिक शक्ति" जैसी बातों के जाल में फंस रहे हैं, जिसका परिणाम सीधा-सीधा हिंसा और मृत्यु के रूप में सामने आता है।

### वर्ल्डकप रोलबॉल चैंपियनशिप में कमेंट्री करेंगे क्लाडियस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ खेल



कमेंटेटर जसवंत क्लाडियस दुबई में आगामी 14 से 18 दिसंबर तक आयोजित सातवीं विश्वकप रोलबॉल चैंपियनशिप का आंखों देखा हाल सुनाएंगे। वे इसके पूर्व 2026 में पुणे में हुई छठवीं विश्वकप चैंपियनशिप एवं इसी वर्ष केन्या में हुई जूनियर विश्वकप रोलबॉल चैंपियनशिप में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए कमेंट्री कर चुके हैं।

## निधन

### आशीष दीवान

**रायपुर।** सुंदरनगर निवासी आशीष



दीवान (53) का 11 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कोण्डागांव बस्तर में किया गया। वे राजकिशोर, प्रणव, राघवेंद्र, हितेंद्र, समीर एवं सिद्धार्थ दीवान के भाई थे।

# आवास की अनुमति लेकर तान दी तीन मंजिला व्यावसायिक बिल्डिंग, निगम ने की तोड़ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के कमल विहार में शुक्रवार को नगर निगम के राजस्व विभाग की टीम ने तीन मंजिल बिल्डिंग को तोड़ने की कार्रवाई की। गजानंद तालाब के पास बनाई गई इस व्यावसायिक बिल्डिंग के मालिक ने नगर निगम से यहां मकान बनवाने के लिए अनुमति ली थी, लेकिन मकान के स्थान पर यहां व्यावसायिक बिल्डिंग बना दी।

नियम विरुद्ध बनाई गई इस बिल्डिंग के निर्माण की जानकारी होने पर नगर निगम ने उसके मालिक को तीन बार नोटिस भी जारी किया था, जिसका जवाब नहीं देने पर इस मामले में तोड़ने की कार्रवाई की गई।





### आवास बनाने की अनुमति ली, तान दी व्यावसायिक बिल्डिंग

जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे ने बताया कि जिस जमीन पर व्यावसायिक बिल्डिंग बनाई गई है, वह जमीन डा. वीरेंद्र पुष्पकार की है। जोन कार्यालय से इस जमीन पर आवास बनाने के लिए उनके द्वारा अनुमति ली गई थी। इस अनुमति के विपरीत जाकर उन्होंने यहां व्यावसायिक बिल्डिंग का निर्माण कर दिया। इसकी जानकारी राजस्व अधिकारियों के माध्यम से जब उन तक पहुंची, तो इस मामले में उन्हें नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था। पहली नोटिस का जवाब नहीं आने पर दो और नोटिस जारी की गई। तीन नोटिस जारी करने के बाद भी जमीन के मालिक ने कोई जवाब राजस्व विभाग कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किया। इसे देखते हुए निगम की टीम को कार्रवाई करने भेजा गया।

### राजीनामा के बाद कार्रवाई आधे में रोकी गई

कमिश्नर ने बताया कि इस कार्रवाई के दौरान बिल्डिंग के नाले तरफ के हिस्से को पूरी तरह से तोड़ा गया है, वहीं ग्राउंड फ्लोर पर बनी दुकानों के शटरों को भी तोड़ा गया है। हालांकि इस कार्रवाई के दौरान बिल्डिंग के मालिक ने राजीनामा करते हुए नियम के तहत व्यावसायिक बिल्डिंग के निर्माण की अनुमति और शुल्क का भुगतान करने की बात कही। इस राजीनामा के बाद नगर निगम की टीम बिल्डिंग को पूरा तोड़े बगैर लौट आई।

### पुलिस कालोनी के सामने अवैध प्लाटिंग, सड़क पर बना दिए मजदूरों के लिए क्वार्टर

अमलीडीह इलाके में पुलिस कालोनी के ठीक सामने निर्माणाधीन बायपास सड़क के पास अवैध प्लाटिंग का बड़ा खेल चल रहा है। यहां एक बड़ी जमीन पर बिना कालोनाइजर नियम के कालोनी बनाई जा रही है। एक खसरा नंबर की करीब दस एकड़ जमीन टुकड़ों में बेची जा रही है। इस जमीन पर दो से तीन मकान में भी तन गए हैं। यही नहीं, इस क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग करने वालों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब निर्माणाधीन बायपास सड़क पर ही मजदूरों के रहने के लिए अवैध रूप से क्वार्टर बना दिए गए हैं। इसके कारण इस मार्ग पर आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। इस मामले में जोन कमिश्नर ने कार्रवाई की बात कही है। उनका कहना है कि क्षेत्र में जहां भी अवैध प्लाटिंग या नियम के विरुद्ध निर्माण होगा, उसके खिलाफ नियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# बच्ची से रेप, किशोरी से छेड़खानी के आरोपियों को कैद के साथ जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गंज तथा गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में पांच साल की मासूम के साथ रेप तथा किशोरी के साथ छेड़खानी करने के आरोपियों को कोर्ट ने 20 तथा दो वर्ष कैद के साथ जुर्माने की सजा सुनाई है। केस की सुनवाई विशेष न्यायाधीश विनय कुमार प्रधान की कोर्ट में हुई है। आरोपियों को कोर्ट ने क्रमशः एक हजार तथा पांच सौ रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

- गुढ़ियारी, गंज थाना क्षेत्र की घटना

विशेष लोक अभियोजक विमला तांडी के मुताबिक 16 वर्षीय किशोरी से छेड़खानी करने के आरोप में कोर्ट ने भुजबल ध्रुवे को दो वर्ष कैद के साथ एक हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। 13 जून 2023 को किशोरी अपनी छोटी बहन के साथ घर में अकेली थी, इस दौरान भुजबल किशोरी के घर पहुंचा और उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। शोर मचाने पर आरोपी किशोरी को धमकाते हुए मौके से फरार हो गया था। किशोरी की शिकायत पर पुलिस ने भुजबल को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।



### खउवा देने का झांसा देकर मासूम से रेप

एक अन्य मामले में पांच साल की मासूम के साथ रेप के आरोप में कोर्ट ने गोकुल तांडी को 20 वर्ष कैद तथा पांच सौ रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश केस डायरी के मुताबिक तीन वर्ष पूर्व छह सितंबर 2022 को गोकुल ने अपने परिजन के घर आई पांच वर्ष की मासूम को खाने का सामान (खउवा) देने का झांसा देकर अपने घर ले गया और उसके साथ रेप किया। मासूम ने घटना की जानकारी अपनी बड़ी बहन को दी। इसके बाद घटना की जानकारी बच्ची के परिजनों को मिली। तब परिजनों ने गोकुल के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई।

# हास्पिटल पर 10 हजार का जुर्माना, गंदगी फैलाने पर 7 दुकानदारों से भी वसूले 8300







हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कबीर नगर में संचालित भगवान नारायण हास्पिटल पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है, वहीं 7 दुकानदारों पर गंदगी फैलाने के मामले में कार्रवाई करते हुए उनसे 8300 रुपए का जुर्माना वसूल किया है।

जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन ने बताया कि कार्यालय में कबीर नगर स्थित भगवान नारायण हास्पिटल के विरुद्ध शिकायत मिली थी कि उसके द्वारा खुली जगह पर हास्पिटल से निकलने वाला सूखा और गीला वेस्ट मेडिकल को ब्लैक पॉलीथीन में भरकर फेका जा रहा है। इससे क्षेत्र में जहां गंदगी फैल रही है, वहीं संक्रमण फैलने का भी खतरा मंडरा रहा है। इस शिकायत पर टीम ने मौके का निरीक्षण किया, जिसमें शिकायत सही पाई गई। हास्पिटल प्रबंधक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उस पर दस हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। वहीं नोटिस जारी करते हुए भविष्य में खुली जगह पर मेडिकल वेस्ट फेकने पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 अंतर्गत सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

### गंदगी फैलाने पर 7 दुकानदारों पर कार्रवाई

इसी प्रकार नगर निगम जोन-2 अंतर्गत रेलवे स्टेशन मार्ग पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कई दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सात दुकानों में गंदगी पसरी मिली, वहीं दुकानों के सामने भी कचरा फैला मिला। इन सभी दुकानों पर कार्रवाई करते हुए उन पर जुर्माना लगाया है। इन दुकानदारों से 8300 रुपए जुर्माना वसूल करते हुए उन्हें भी भविष्य में गंदगी नहीं फैलाने की चेतावनी दी।

### राज्यपाल से सिल्वर होलसेल ट्रेडर्स एसोसिएशन ने की भेंट



**रायपुर।** प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका से छग सिल्वर होलसेल ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन सोसायटी के प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन में सौजन्य भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को सराफा कारोबारियों के संबंध में महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी देते हुए चर्चा की। प्रदेश के सराफा कारोबारियों के लिए व्यापारी पहचान पत्र जारी करने का प्रस्ताव, यात्रा के दौरान उनकी सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों, कारोबारियों की फोन डायरेक्ट्री का प्रकाशन आदि के बारे में बताया।राज्यपाल श्री डेका ने प्रतिनिधिमंडल के सुझावों एवं प्रस्तावों पर मार्गदर्शन दिया एवं हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन भी दिया।प्रतिनिधिमंडल में एसोसिएशन के संरक्षक उत्तम गोलछा, अध्यक्ष ललित नवलखा, सचिव चंद्रप्रकाश गोलछा, पंकज भंसाली, नीरज सांखला एवं अभय कोठारी शामिल रहे।

### धान खरीदी की उचित व्यवस्था नहीं, संकट में अन्नदाता



**रायपुर।** आम आदमी पार्टी द्वारा धान खरीदी में किसानों की समस्याओं के अनदेखी पर आज प्रदेश के हर जिले में प्रदेशव्यापी धरना-प्रदर्शन किया गया। रायपुर में पंडरी स्थित मंडी गेट के समक्ष यह प्रदर्शन हुआ। आम आदमी पार्टी का कहना है, आज हमारे प्रदेश के अन्नदाता गहरे संकट में हैं। कई खरीदी केंद्रों में खुलेआम अधिक वजन किया जा रहा है, जो सीधे-सीधे किसानों के साथ लूट है। पिछले दिनों एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना बागबाहरा के किसान के साथ हुई, जहां टोकन न मिलने की हताशा में किसान को आत्महत्या करने का कदम तक उठाना पड़ा। अब भाजपा प्रदेश में किसान विरोधी चेहरा सामने आ गया है। विरोध के बाद कलेक्ट्रेट में कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। अन्य जिलों में भी प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपे गए।

## पेज 9 के शेष

### 5000 में बचपन का ...

प्रत्येक बच्चे पर 5000 तक एडवांस दिए गए थे। उन्हें मुंबई के मलाड इलाके में एक कारखाने में अवैध रूप से मजदूरी के लिए ले जाया जा रहा था। चौंकाने वाली बात यह रही कि बच्चों को किसी भी प्रकार के काम का अनुभव या जानकारी नहीं थी। इस घटना ने गरीबी, अशिक्षा और मानव तस्करी की उस भयावह सच्चाई को उजागर किया है। बच्चों के माता-पिता को इसकी जानकारी दे दी गई है। माता-पिता ने भी बच्चों के काम में भेजे जाने की जानकारी स्वीकार की है।

### कोलकाता की उड़ानें ...

लिए दिल्ली की चार तथा एयर इंडिया की तीन फ्लाइट अपने सामान्य समय में चली। इंडिगो के विमान में कटौती किए जाने के बाद आने वाले दिनों में विभिन्न शहरों के लिए संचालित होने वाली नई फ्लाइट के संचालन पर ही संशय है। इसमें फरवरी के महीने में मुंबई-रायपुर-मुंबई के बीच चौथी फ्लाइट शुरू किए जाने की घोषणा की गई थी।





## बिजनेस साइट

### बैंक ऑफ बड़ौदा को मिला 'बेस्ट बैंक इन इंडिया' अवार्ड

**रायपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपनी उत्कृष्ट बैंकिंग सेवाओं का लोहा मनवाते हुए फाइनेंशियल टाइम्स समूह





की प्रतिष्ठित पत्रिका द बैंकर द्वारा आयोजित बैंक ऑफ द ईयर अवार्ड्स 2025 में 'बेस्ट बैंक इन इंडिया' का खिताब हासिल किया है। यह सम्मान बैंक के मजबूत वित्तीय प्रदर्शन, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन को गति देने, ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने और भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में नेतृत्व क्षमता को सुदृढ़ करने की दिशा में किए गए उल्लेखनीय प्रयासों का परिणाम है। बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. देबदत्त चांद ने कहा कि यह उपलब्धि बैंक ऑफ बड़ौदा की सतत और स्थायी वृद्धि तथा ट्रांसफॉर्मेशन यात्रा का महत्वपूर्ण प्रमाण है। उन्होंने बताया कि ग्राहकों के भरोसे और कर्मचारियों की प्रतिबद्धता से प्रेरित होकर बैंक एक सशक्त, प्रगतिशील और भविष्य के लिए तैयार संस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। यह पुरस्कार बैंक के लिए न केवल सम्मान है, बल्कि भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में उसकी बढ़ती प्रतिष्ठा का भी प्रतीक है।

### आरडीए अध्यक्ष ने किया डामरीकरण कार्य का शुभारंभ



**रायपुर।** रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष नंद कुमार साहू ने सोमवार को माता कौशल्या विहार में जारी विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सेक्टर-2 में निर्माणाधीन ईडब्ल्यूएस रो-हाउस, सेक्टर-13 में एलआईजी-3 बीएचके अपार्टमेंट, सेक्टर-8बी में ईडब्ल्यूएस रो-हाउस तथा बोरियाखुर्द में बन रहे 523 ईडब्ल्यूएस रो-हाउस का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण और निर्धारित समयसीमा में पूरे किए जाएं। अध्यक्ष श्री साहू ने माता कौशल्या विहार के सेक्टर-2 में व्यावसायिक भूखंडों के विकास के लिए सड़कों के डामरीकरण कार्य का पूजा-अर्चना कर शुभारंभ भी किया।

इस अवसर पर प्रभारी अधीक्षण अभियंता अनिल गुप्ता, एमएस पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता सुरेश कुंजाम, सुशील शर्मा, सहायक अभियंता विवेक सिन्हा, राकेश मनहरे, कीर्ति केमरो सहित निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि विक्की अग्रवाल, रोशनलाल जैन, सुरेश गेन और विनोद कुमार पांडे उपस्थित रहे।

### आईआईएम रायपुर ने जीता एनटीपीसी इलेक्ट्रॉन क्विज का रायपुर रीजनल राउंड



**रायपुर।** एनटीपीसी इलेक्ट्रॉन क्विज-2025-26 के रायपुर रीजनल राउंड में आईआईएम रायपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। पं. जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल मेडिकल कॉलेज में आयोजित इस प्रतियोगिता में राज्यभर के मैनेजमेंट और इंजीनियरिंग संस्थानों की 90 टीमों ने भाग लिया। विजेता टीम में एसपी शांतनु और जीवन जिन जोस शामिल थे। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक दिवाकर कौशिक ने कहा कि एनटीपीसी न केवल देश को ऊर्जा उपलब्ध कराता है, बल्कि इलेक्ट्रॉन क्विज जैसी आकर्षक और प्रेरक प्रस्तुतियों के माध्यम से युवा दिमागों की प्रतिभा को भी जागृत करता है। उन्होंने आगे कहा कि इन युवा प्रतिभागियों द्वारा दिखाए गए उत्साह और तैयारी, भारत की तकनीकी और प्रबंधकीय प्रतिभा के उज्ज्वल भविष्य को दर्शाते हैं।

### उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में निशुल्क ईको जांच शिविर आज

**रायपुर।** हृदय रोगों की बढ़ती चुनौतियों को देखते हुए उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में आज निशुल्क ईको जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। ईको जांच हृदय की संरचना, पंपिंग क्षमता और किसी भी असामान्यता की पहचान में मदद करती है। हॉस्पिटल प्रशासन के अनुसार यह विशेष रूप से उन मरीजों के लिए लाभकारी है, जो असामान्य दिल की धड़कन, सांस लेने में कठिनाई, छाती में दर्द, पैरों में सूजन, चक्कर या थकान जैसी समस्याओं से परेशान हैं। डॉ. विनोद कुमार सिंह ने कहा कि कई बार दिल की बीमारी बिना लक्षण के बढ़ती रहती है और समय पर ईको टेस्ट कराना हृदय रोगों से बचाव के लिए महत्वपूर्ण है। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जिनेश जैन ने लोगों से अपील की है कि हल्के लक्षणों को नजरअंदाज न करें और तुरंत जांच कराएं, क्योंकि समय पर इलाज ही जीवन बचाने में मदद करता है।

## खबर संक्षेप

### आईआरआईए का वार्षिक अधिवेशन आज

**रायपुर।** इंडियन रेडियोलॉजिकल एंड इमेजिंग संगठन छत्तीसगढ़ चैप्टर का दो दिवसीय 15वां वार्षिक अधिवेशन 13 एवं 14 दिसंबर को शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर के अटल बिहारी बाजपेयी सभागार में होगा। डा. आनंद जायसवाल की अध्यक्षता में होने वाले इस वार्षिक अधिवेशन का आयोजन मेडिकल कालेज डीन डा. विवेक चौधरी एवं पूर्व अध्यक्ष डा. एए उस्मान के मार्दर्शन में होगा। इस कार्यक्रम में प्रदेशभर के रेडियोलॉजिस्ट एकत्रित होंगे।रेडियो डायग्नोसिस मरीजों की जांच का अभिन्न अंग है। कार्यक्रम के सचिव डा. विकास भोजसिया अधिवेशन में होने वाली चर्चा का लाभ मरीजों के साथ चिकित्सकों को मिलेगा। अधिवेशन का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल करेंगे।

### एम्स के नर्सिंग ऑफिसर को अवार्ड

**रायपुर।** एम्स के बेडसाइड क्लिनिकल नर्स को एम्स जोधपुर में नेशनल बायोमेडिकल यंग रिसर्चर अवॉर्ड दिया गया है। सीटीवीएस विभाग के सीनियर नर्सिंग ऑफिसर अरोकियाराज यू को नेशनल बायोमेडिकल यंग रिसर्चर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें 6वीं साइंस कॉन्क्लेव में प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम का आयोजन एम्स जोधपुर में सोसाइटी ऑफ यंग बायोमेडिकल साइंटिस्ट्स द्वारा किया गया था। उन्हें यह सम्मान हेल्थ साइंसेज कैटेगरी में मिला। उनके अभिनव शोध कार्य "हाइली ऑक्सीजनटेड एरोसोल कंट्रोल्ड कॉम्बो डिवाइस" को राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा पुरस्कार और प्राप्त हुआ। यह पेटेंटेड डिवाइस नेबुलाइजेशन, स्पुटम सैंपलिंग और ऑक्सीजन थेरेपी के लिए एक सुरक्षित, बंद और प्रभावी प्रणाली प्रदान करता है तथा संक्रामक जोखिम को कम करता है। यह नवाचार टीबी देखभाल को मजबूत करने, महामारी तैयारी को सुदृढ़ करने और फ्रंटलाइन स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देता है

### पुरी शंकराचार्य कल से 15 दिन रायपुर प्रवास पर



**रायपुर।** गोवर्धन मठ पुरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज राष्ट्रोत्कर्ष अभियान यात्रा के तहत 14 दिसंबर को दिल्ली से राजधानी एक्सप्रेस से 15 दिनों के लिए रायपुर प्रवास पर आ रहे हैं। उनके आगमन को लेकर सुदर्शन संस्थानम शंकराचार्य आश्रम रावांभाठा में जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। 15 दिसंबर से सुबह 11.30 से दर्शन, दीक्षा, संगोष्ठी और शाम 5 बजे से दर्शन और संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी भक्तजन राष्ट्र और धर्म से संबंधित अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। पीठपरिषद, आदित्यवाहिनी, आनंदवाहिनी द्वारा पूरे प्रदेश और विशेषकर रायपुरसियों से विशेष आग्रह किया गया है कि वे शंकराचार्य भगवान के दर्शन प्राप्त करने अवश्य पधारें।

# उदंती को आबाद करने छोड़े गए 60 हिरण, 80 नीलगाय छोड़ने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मांसाहारी वन्यजीवों के लिए प्रे-बेस बढ़ाने की जा रही कवायद

खास खबर

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में बाघ के मूवमेंट को देखते हुए वन विभाग ने प्रे-बेस बढ़ाने तैयारी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में जंगल सफारी से हाल के दिनों में 60 के करीब हिरण यूएसटीआर के कोर एरिया में छोड़ा गया है। यूएसटीआर में सौ हिरण छोड़ने की अनुमति मिली है। इसके साथ ही 80 के करीब नीलगाय यूएसटीआर में छोड़ा जाना है। इस बात की पुष्टि यूएसटीआर के डिप्टी डायरेक्टर वरुण जैन ने की है। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में बहुतायत में मांसाहारी वन्यजीव तेंदुआ विचरण कर रहे हैं। इसके साथ ही इंद्रावती टाइगर रिजर्व से बाघ भी पहुंचने लगा है। यूएसटीआर में कब्जाए वन भूमि को खाली कराने के बाद विभागीय अफसरों ने उस पूरे क्षेत्र में ग्रास लैंड विकसित किया। ग्रास लैंड विकसित होने के बाद जंगल सफारी में हिरण के साथ नीलगाय की संख्या बढ़ने के बाद यूएसटीआर में छोड़ने का निर्णय लिया गया है। हिरण का शिकार रोकने वनकर्मियों को लगातार निगरानी के साथ मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही अवैध शिकार करने वाले शिकारियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई करने निर्देश दिए गए हैं।





### इसलिए भी छोड़े जा रहे हिरण, नीलगाय

*उदंती-सीतानदी में पिछले महीने आए एक नर बाघ शिकार की तलाश में भटकते हुए धमतरी के बाद, महासमुंद उसके बाद बार नवापारा अभयारण्य पहुंच गया। बार नवापारा के बाद बाद बाघ किसी अन्य क्षेत्र में प्रवेश कर गया, जो ट्रेस नहीं हो पा रहा है। इस बात को भी ध्यान में रखते हुए विभागीय अधिकारियों ने यूएसटीआर में हिरण तथा नीलगाय छोड़ने का निर्णय लिया है। खुले वनक्षेत्र में हिरण तथा नीलगाय के विचरण करने से उनकी संख्या में तेजी से बढ़ोतरी होगी।*

### प्रे-बेस सुधारने से मिलेगा लाभ

जानकारों के अनुसार उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में बाघों के स्थायी रहवास के लिए प्रे-बेस सुधारने की जरूरत है। भोरमदेव के साथ उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में प्रवासी बाघों की आवाजाही लगातार होती रहती है। यूएसटीआर में प्राकृतिक तौर पर पानी की पर्याप्त व्यवस्था है। बाघ आसानी से शिकार कर सके, इसके लिए वन विभाग के अफसरों को क्षेत्र में प्रे-बेस सुधारने की जरूरत है। आसानी से शिकार मिलने पर प्रजनन के लिए आई बाघिन अपने शावकों के साथ यूएसटीआर में स्थायी रूप से निवास कर सकती है।

### ठंड में बढ़ता है बाघ का मूवमेंट

बाघों का प्रजनन काल नवंबर से अप्रैल के बीच रहता है। ऐसे में मादा बाघ प्रजनन करने सुरक्षित स्थान की तलाश में अपने टेरिटरी से निकलकर कई बार दूसरे वनक्षेत्र में प्रवेश कर जाती है। अनुकूल परिस्थिति होने पर बाघिन अपने शावकों के साथ उस क्षेत्र को अपने टेरिटरी बना लेती है।

इसी बात को ध्यान में रखते हुए वन विभाग ने उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में प्रवासी बाघ को यहां अनुकूल परिस्थिति मिल सके, इसलिए वहां हिरण के साथ नीलगाय छोड़ने का निर्णय लिया है।

## मतदाताओं से मंगाए जाएंगे दस्तावेज

# 1.95 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम सी केटेगरी में, इन सभी को जारी होगा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में 1 लाख 95 हजार से अधिक मतदाताओं को एसआईआर में सी कैटेगरी में रखा गया है। इन मतदाताओं ने गणना प्रपत्र भरकर जमा तो कराया है, लेकिन उनके द्वारा वर्ष 2003 की मतदाता सूची में अपना या फिर अपने माता-पिता सहित परिवार के अन्य किसी भी रिश्तेदार के वोटर आईडी से संबंधित जानकारी फार्म के साथ सबमिट नहीं कर पाए हैं।

सी कैटेगरी के इन सभी मतदाताओं को एसआईआर गणना प्रपत्र भरने की तारीख खत्म होने के बाद संबंधित क्षेत्र के एसडीएम नोटिस जारी करेंगे। इस नोटिस के माध्यम से मतदाता को वर्ष 2003 में स्थानीय विधानसभा क्षेत्र का निवासी होने से संबंधित प्रमाण दस्तावेज पेश करना होगा। हालांकि इसके लिए भी भारत में मतदाता के जन्म से संबंधित तीन कैटेगरी बनाई गई हैं। इसके तहत ही मतदाताओं को प्रमाणित दस्तावेज देने होंगे।



### जिले में शत प्रतिशत आनलाइन एंट्री हो गई

जिले में शतप्रतिशत एसआईआर के लिए फार्म वितरण से लेकर ऑनलाइन एंट्री हो गई है। सी कैटेगरी में जिन मतदाताओं के नाम शामिल हैं, उन्हें नोटिस जारी कर प्रमाणिक दस्तावेज मांगे जाएंगे। दस्तावेजों के आधार पर मतदाता का नाम सूची में जोड़ा जाएगा।

\- **नवीन ठाकुर**, उप जिला निर्वाचन अधिकारी

### विधानसभावार फार्म वितरण ऑनलाइन एंट्री का विवरण

| | फार्म वितरण | ऑनलाइन एंट्री |
|---|---|---|
| धरसींवा | 250611 | 250611 |
| रायपुर ग्रामीण | 379270 | 379270 |
| रायपुर पश्चिम | 306916 | 306915 |
| रायपुर उत्तर | 255454 | 205454 |
| रायपुर दक्षिण | 278163 | 278163 |
| आरंग | 249024 | 249024 |
| अभनपुर | 223085 | 223085 |

**जिले में 189252 मतदाता, सभी को फार्म वितरण कर ऑनलाइन एंट्री :** *रायपुर जिले में एसआईआर कार्य अंतिम चरण पर है। निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी के अनुसार जिले में शत प्रतिशत मतदाताओं को फार्म बांटने से लेकरजमा करने के बाद उनकी ऑनलाइन एंट्री भी शतप्रतिशत कर दी गई हैं।*

### जुलाई 1987 से पहले जन्म लिए मतदाता को देना होगा जन्मतिथि-स्थान प्रमाण पत्र

*निर्वाचन आयोग ने एसआईआर कार्य के दौरान गणना प्रपत्र भरने के बाद सी कैटेगरी में आए मतदाताओं को प्रमाणित दस्तावेज पेश करने के लिए मतदाता का भारत में जन्म से संबंधित तीन कैटेगरी बांटी गई है। स्थानीय निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पहली कैटेगरी में अगर मतदाता 1 जुलाई 1987 से पहले जन्म लिया है तो उसे स्वयं के जन्म तिथि या जन्म स्थान से संबंधित प्रमाणिक दस्तावेज पेश करना होगा। इसी प्रकार 1 जुलाई 1987 से 2 दिसंबर 2004 के बीच जन्म लेने वाला मतदाता को अपना और माता-पिता के जन्म-स्थान से संबंधित प्रमाण पत्र देना होगा। इसके अलावा 2 दिसंबर 2004 के बाद भारत में जन्मा मतदाता को अपना और उनके माता-पिता के साथ उनके माता-पिता के जन्म-स्थान संबंधित प्रमाण पत्र मांगे गए हैं।*

### कैटेगरी ए में 4.66 लाख एवं बी में 7.33 लाख से अधिक मतदाता

*एसआईआर के दौरान मतदाताओं को सी कैटेगरी के अलावा बी और ए कैटेगरी भी हैं। ए कैटेगरी में 4.66 लाख से अधिक मतदाता हैं। निर्वाचन कार्यालय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ए कैटेगरी में गणना प्रपत्र जमा करने वाले मतदाताओं के फार्म क्लीयर हैं। यानी इन मतदाताओं को निर्वाचन अधिकारियों ने सही माना है। इसी प्रकार बी कैटेगरी में 7.33 लाख से अधिक मतदाताओं को रखा है। इन मतदाताओं के गणना प्रपत्र सहीं मिले हैं, लेकिन उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए अपने मा-पिता के वर्ष 2003 की मतदाता सूची से संबंधित जो दस्तावेज फार्म में भरे गए गए हैं, उनकी जांच की जानी है।*

# सर्वर के नाम पर बाधित कर रहे धान खरीदी, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



सरकार अड़ंगे पे अड़ंगा लगाकर खरीदी पर रोक लगा रही, पहले किसानों को टोकन एवं खरीदी लिमिट कम कर परेशान किया गया। किसानों के लगातार प्रदर्शन, सभी समितियों में किसानों का हल्ला बोल, कहीं-कहीं समितियों में तालाबंदी कर किसानों द्वारा प्रदर्शन कर विरोध प्रकट किया गया, तब कहीं जाकर आधी समितियों में धान खरीदी लिमिट बढ़ाई गई। पूर्व जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने मांग की है कि सर्वर की समस्या तत्काल दूर की जाए। एक दिन खरीदी हुई, पुनः सर्वर बंद कर धान खरीदी ठप कर किसानों को परेशान किया जा रहा है। किसान सुबह 6 बजे से समितियों में धान तौल कराकर कंप्यूटर ऑपरेटर के पास जाकर अपलोड करने बैठे हैं। रात्रि 7 बजे तक समिति में किसान भूखे-प्यासे बैठे रहे। ऐसी स्थिति में किसानों में भारी आक्रोश है।

### नेता प्रतिपक्ष के आंदोलन के बाद मिली किस्त की राशि



**रायपुर ।** नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों की सूची 19 नवंबर को जारी की थी, जिन लोगों को अभी तक सरकार द्वारा एक भी किस्त नहीं दी गई है। प्रेसवार्ता के माध्यम से नेता प्रतिपक्ष श्री तिवारी ने खुलासा किया था। विगत 8 दिसंबर को निगम में प्रधानमंत्री आवास योजना के 150 हितग्राहियों के साथ नेता प्रतिपक्ष श्री तिवारी ने 2 घंटे तक का प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के बीच अपर आयुक्त और एसडीएम ने आश्वासन दिया था । उनके आश्वासन के बाद नेता प्रतिपक्ष ने लगभग 800 लोगों की सूची उनको सौंपी थी। शुक्रवार को लगभग 50 हितग्राहियों ने नेता प्रतिपक्ष के महात्मा गांधी सदन स्थित कक्ष में पहुंचकर उनका धन्यवाद किया ।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम का फंड कर्मचारियों की सैलरी पर खर्च, केंद्र ने जताया ऐतराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

- एनएचएम के डायरेक्टर ने राज्यों को भेजा पत्र, नियमित कर्मियों से काम लें

मानसिक स्वास्थ्य, टीबी, कुष्ठ नियंत्रण जैसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के लिए मिलने वाले फंड का उपयोग विभिन्न राज्य कर्मचारियों की सैलेरी देने में कर रहे हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की डायरेक्टर ने छत्तीसगढ़ समेत तमाम राज्यों को पत्र लिखकर इस पर आपत्ति जताई है। तर्क दिया गया है कि प्राप्त होने वाले फंड की 70 फीसदी तक राशि स्टाफ के वेतन पर खर्च हो रही है जो 50 फीसदी से अधिक नहीं होनी ही चाहिए। उनके द्वारा अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति के बजाए नियमित कर्मचारियों से काम लेने पर जोर दिया गया है।

राष्ट्रीय स्तर पर लोगों के स्वास्थ्य को लेकर विभिन्न तरह के कार्यक्रम स्वास्थ्य मिशन के तहत राज्यों में चलाए जा रहे हैं। इसके लिए राज्य स्तर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लिए संविदा आधार पर बड़ी संख्या में कर्मचारियों की भर्ती की जाती है। सूत्रों का कहना है कि जो योजनाएं एक दो कर्मचारी अधिकारी से हो सकता है, उसके लिए आधा दर्जन अतिरिक्त स्टाफ की व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के लिए मिलने वाले फंड के ज्यादातर हिस्से का उपयोग कर्मचारियों का वेतन देने में किया जा रहा है। इस पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अतिरिक्त सचिव और डायरेक्टर आराधना पटनायक ने पिछले दिनों पत्र के माध्यम से आपत्ति की गई है। उन्होंने राज्यों को सलाह दी है आवंटन फंड का पचास फीसदी से ज्यादा हिस्सा मानव संसाधन के लिए खर्च नहीं किया जाए। अभी ज्यादातर राज्य प्राप्त होने वाली राशि का अधिकतर हिस्सा मानव संसाधन की व्यवस्था पर खर्च करते हैं। साथ ही आपस में जुड़े कार्यक्रमों के लिए अलग-अलग स्टॉफ रखने के बजाए योजनाओं को एकीकृत कर अधिकारी कर्मचारी की नियुक्ति की जाएगी। कम्युनिटी से लेकर राज्य स्तर पर तमाम योजनाओं में जरूरी स्टाफ के माध्यम से काम पूरा किया जाए।

### हर कार्यक्रम के लिए काउंसिलर

वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग में हर कार्यक्रम के लिए अलग-अलग काउंसलर की व्यवस्था है। मसलन एनसीडी, मेंटल हेल्थ, बाल स्वास्थ्य, मातृ स्वास्थ्य,संबंधी योजनाओं के लिए अलग-अलग कर्मचारियों नियुक्त किया गया है। बदलाव के दौरान इन सभी कार्यक्रमों की जिम्मेदारी एक काउंसिलर को दी जाएगी। प्रोगाम प्रबंधन के भारी-भरकम स्टाफ को कम करना होगा।

### विभाग में चर्चा

केंद्र से भेजे गए इस पत्र की स्वास्थ्य विभाग में चर्चा जोरों पर है। जिला से लेकर राज्य स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संचालन के लिए भारी संख्या में कर्मचारियों की नियुक्त है। इस पत्र के आने के बाद अनुमान लगाया जा रहा है कि नियम में बदलाव होने के बाद पचास फीसदी कर्मचारियों की छंटनी होगी अथवा उन्हें यथावत रखा जाएगा। रायपुर जिले में भी आपस में संबंधित स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लिए अलग-अलग नोडल अधिकारी बनाए गए हैं।

### इस तरह से हो सकता है बदलाव

- एक ही तरह के काम करने वाले कार्यक्रमों के मानव संसाधन को मिलाकर एक ही पोस्ट बनानी है।
- एनएचएम के फंड से स्थायी कर्मचारियों की सैलरी नहीं दी जाएगी।
- सभी राज्यों को नया कार्यक्रम प्रबंधन यूनिट स्ट्रक्चर अपनाना होगा।
- जो संविदा पद खाली हैं या जिनकी जरूरत नहीं है, उन्हें खत्म करके नई जरूरत के हिसाब से पोस्ट बनाना होगा।

# संशोधित नियम के खिलाफ भूपेश बघेल से मिले जूनियर डाक्टर, परेशानी से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- हाईकोर्ट में भी लंबित है मामला
- जूनियर डाक्टरों द्वारा लगाई गई याचिका पर सुनवाई 16 दिसंबर को तय

मेडिकल पीजी प्रवेश के संशोधित नियम के खिलाफ छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन के नेतृत्व में जूनियर डाक्टर जनप्रतिनिधियों से मिलकर उन्हें अपनी परेशानी से अवगत करा रहे हैं। शुक्रवार को उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात की। नियम के संशोधन का यह मामला हाईकोर्ट में लंबित है।

राज्य के मेडिकल कालेजों में पीजी प्रवेश की प्रक्रिया फिलहाल अटकी हुई है। इसकी वजह से चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी किया गया संशधित नियम है। नियम के खिलाफ स्थानीय छात्रों ने आवाज बुलंद कर रखी है और इस स्थानीय चिकित्सा छात्रों के साथ भेदभाव बताया है। इस मामले में जूनियर डाक्टरों द्वारा लगाई गई याचिका पर सुनवाई 16 दिसंबर को तय है। दूसरी ओर जूनियर डाक्टर जनप्रतिनिधियों से मिलकर उन्हें अपनी समस्या से अवगत करा रहे हैं। शुक्रवार को सीजीडीएफ का प्रतिनिधिमंडल पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिलने पहुंचा। कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डा. राकेश गुप्ता की उपस्थिति में जूनियर डाक्टरों ने उन्हें अपनी परेशानी बताई। उन्हें जानकारी दी गई कि पहले शासकीय सीटों (50 फीसदी) का आवंटन स्थानीय छात्रों को किया जाता है।

विभाग ने नियम में बदलाव कर इसे घटाकर 25 फीसदी कर दिया है। 75 फीसदी सीट बाहरी लोगों को दिए जाने से राज्य के लोगों का नुकसान होगा। भूपेश बघेल ने उन्हें छात्रहित में हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया है।

# छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल की बोर्ड बैठक में विस्तृत चर्चा, कई महत्वपूर्ण निर्णयों पर लगी मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- विलंबित अवधि के ब्याज राशि एवं वॉटर चार्जेस पर सरचार्ज में 50 प्रतिशत की मिलेगी छूट

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल की 85वीं बोर्ड बैठक शुक्रवार को अध्यक्ष अनुराग सिंह देव की अध्यक्षता में हाउसिंग बोर्ड मुख्यालय नवा रायपुर अटल नगर में हुई। इस दौरान कई जनहितकारी एवं महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा कर प्रमुख निर्णय लिए गए।

अध्यक्ष श्री सिंह देव ने बताया कि मकान क्रय करने पश्चात कई हितग्राहियों द्वारा विभिन्न कारणों से समय पर किस्त की राशि जमा नहीं की जा रही थी, जिसके कारण उनके भवनों पर विलंबित अवधि का ब्याज भारित हो रहा था। हितग्राहियों द्वारा समय-समय पर ब्याज माफी के संबंध में निवेदन किया जा रहा था। उक्त संबंध में बोर्ड द्वारा स्ववित्तीय एवं भाड़ाक्रय आधार पर आवंटित संपत्तियों के मामले में हितग्राहियों को राहत प्रदान की गई है। इस श्रेणी की संपत्तियों के हितग्राही यदि अपनी संपूर्ण बकाया राशि एकमुश्त जमा करते हैं तो उन्हें विलंबित अवधि की ब्याज राशि में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह निर्णय हितग्राहियों को सीधे आर्थिक राहत प्रदान करेगा। अध्यक्ष ने बताया कि हितग्राहियों द्वारा जलप्रदाय शुल्क (वाटर चार्जेस) भी समय पर जमा नहीं करने के कारण वाटर चार्जेस पर सरचार्ज भारित हो रहा था तथा हितग्राहियों द्वारा हाउसिंग बोर्ड से लगातार सरचार्ज माफ करने आग्रह किया जा रहा था। बोर्ड द्वारा हाउसिंग बोर्ड की आवंटित संपत्तियों पर लंबित जलप्रदाय शुल्क (वॉटर चार्जेस) को एकमुश्त जमा करने पर भारित सरचार्ज में 50 प्रतिशत छूट हितग्राहियों को प्रदान करने का निर्णय लिया गया है, जिससे उन्हें लाभ मिलेगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि हाउसिंग बोर्ड द्वारा विक्रय/आवंटित संपत्तियों के विक्रय विलेख के निष्पादन के साथ ही हितग्राहियों को संपत्ति का भौतिक आधिपत्य (कब्जा) दिया जाएगा।

### बैठक में ये हुए शामिल

बैठक में आयुक्त छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अवनीश कुमार शरण, विशेष सचिव आवास एवं पर्यावरण विभाग डीएस भारद्वाज, विशेष सचिव वित्त विभाग शीतल शाश्वत, प्रतिनिधि लोक निर्माण विभाग जीआर रावटे, प्रतिनिधि क्षेत्रीय प्रमुख हुडको के. सुरेश कुमार एवं नगर तथा ग्राम निवेश के आयुक्त भी शामिल हुए। साथ ही हाउसिंग बोर्ड के अपर आयुक्त हर्ष कुमार जोशी, मुख्य संपदा अधिकारी सुनील कुमार सिंह, प्रशासकीय अधिकारी पुलक भट्टाचार्य तथा मुख्य लेखा अधिकारी पीके सोनवानी भी उपस्थित रहे।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।



हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 13 दिसंबर 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

म्यूजिकल आदमकद सांता क्लाज ...

## लाइव इवेंट

### सूत्रा एग्जीबिशन में वेडिंग और फेस्टिवल की खरीदारी करने उमड़ी भीड़



**रायपुर।** वीआईपी चौक रोड स्थित होटल बेबीलॉन कैपिटल में सूत्रा एग्जीबिशन लगाया गया है। इस एग्जीबिशन में शादी व फेस्टिवल के लिए शॉपिंग करने लोगों की भीड़ उमड़ रही है। इस एग्जीबिशन में ट्रेडिशनल, लग्जरी और हैंडीक्रॉफ्ट फैशन सामग्री का स्टॉल लगाया गया है। फैशन एग्जीबिशन का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया, जो 13 व 14 दिसंबर तक चलेगा। सीनियर्स वीमेन द्वारा इसका उद्घाटन किया गया। इसमें ब्रांडेड ज्वेलरी, कपड़े, होम डेकोरेटिव आयटम्स की खरीदारी करने लोग आकर्षित हो रहे हैं।

#### बेहतरीन डिज़ाइन और बढ़ती मांग

प्रीमियम डिज़ाइनर्स, खास लेबल्स और ट्रेंड-फ़ॉरवर्ड कलेक्शंस के शानदार डिस्प्ले के साथ, सूत्रा उन खरीदारों के लिए बेहतरीन डेस्टिनेशन बन गया है जो अपनी शादी और फेस्टिवल कलेक्शंस को और रिच बनाना चाहते हैं। पहले दिन भारी संख्या में उपस्थिति ने उच्च-गुणवत्ता वाले प्रोडक्ट्स की बढ़ती मांग को स्पष्ट कर दिया। रायपुर के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए इस लाइनअप में जेवर्स बाय नीरज भंसाली, वाफे कोलकाता, ड्रंक ऑन डेनिम, वामावन ऑफिशियल, माइसा जोधपुर, पार्थ ज्वैलर्स और द कश्मीर एडिट जैसे प्रसिद्ध ब्रांड शामिल हैं। इन ब्रांड्स ने ब्राइडल वियर, फेस्टिव एसेम्बल, ज्वैलरी और लाइफस्टाइल कलेक्शंस का बेहद ख़ास प्रदर्शन किया, जिससे खरीदार अपने खास मौकों के लिए सबसे बेहतरीन प्रोडक्ट्स चुन सकें।

● राजधानी में प्रकृति प्रेमी गार्डन को संवारने फूलों की ले रहे सुध, नर्सरी में बढ़ने लगी पूछपरख

# सर्दियों में गेंदा, पिटुलिया और गुलाब से सुगंध बिखेरने नर्सरी में अब तलाश रहे हैं मौसमी पौधे

जिस तेजी से बसाहट बढ़ रही, उसी तेजी से प्रकृति के बीच होने का एहसास लोगों को फुलवारी से जोड़ रहा है। अब लोग देशी - विदेशी मौसमी फूलों की क्यारी अपनी फुलवारी में सजाना और उनकी सुगंध के बीच समय बिताना चाहते हैं। इसके लिए सर्दियों में पिटुलिया, गेंदा और गुलाब सहित 12 तरह के फूलों की पूछ-परख नर्सरी में बढ़ गई हैं। नर्सरी सजाने वाले अब लोगों की पसंद, जरूरत और जगह के अनुरूप फूलों के पौधे उपलब्ध करवा रहे हैं।





**रायपुर।** गार्डन को फूलों के विविध रंगों से सजाने के लिए गमले लेने लगे हैं। इससे नर्सरी में पूछ-परख बढ़ी है। लोग पुरानी बस्ती, भाठागांव, अमलीडीह, वीआईपी रोड सहित आउटर और सिटी में संचालित नर्सरी की ओर बढ़ने लगे हैं। इससे पौधों की क्यारियों को सजाने का शौक रखने वालों की पसंद के फूलों को उपलब्ध कराने तैयारी की जाती है।

### प्रकृति प्रेमी इन देशी-विदेशी पौधों को तलाश रहे

शहर की आबोहवा भले दूषित हो रही, लेकिन परिवार के बीच प्रकृति प्रेमी फूलों की सुगंध बिखेरने के लिए कई तरह के जतन करते हैं। जाने कितने ही लोगों ने लॉन और टैरेस को सुकून की छांव का एक जरिया बनाना शुरू कर दिया है। इससे नर्सरी कल्चर शुरू हो गया है। लोग मौसमी फूलों की सुगंध बिखेरने के लिए नर्सरी का रूख करने लगे हैं। नर्सरी संवारने वाले इंतियाज अली ने बताया कि हर साल सर्दी का सीजन शुरू होते ही गेंदा, पिटुनिया, गुलाब, पैंसी, कैलेंडुला, डेजी, कार्नेशन, डहलिया और विंटर जैस्मिन जैसे देशी - विदेशी फूल उगाए जाते हैं। जो ठंडी के मौसम में खिलते हैं। ये फूल बगीचे और बालकनी को रंग और खुशबू से भर देते हैं। इस सीजन में डैंथस, गजनिया, एंटी रैनम, इंपेथम जैसे फूलों के पौधों की मांग लोग करते हैं।



### नर्सरी कल्चर को अपना रहे युवा उद्यमी

नर्सरी में मौसमी फूलों की क्यारियां सजाने वाले युवा सोनू साहू ने बताया कि उद्यानिकी के प्रति युवाओं का रुझान बढ़ रहा है। इस फील्ड में युवा ग्रुप बनाकर भी जुड़ रहे हैं। गेंदा, सेवंती सहित कई देशी-विदेशी फूलों का रखरखाव किस तरह किया जा सकता है, लोग इसके लिए प्रशिक्षण लेने के बाद व्यावसाय के रूप में प्राइवेट नर्सरी से जुड़ रहे हैं। इससे अच्छी कमाई के साथ एक साथ आगे बढ़ने में मदद भी मिल रही है। इसके चलते शहर के बीच ही नहीं, बल्कि आउटर इलाकों में डेवलप होती कॉलोनियों के आसपास सड़क किनारे खाली जमीन को किराए पर लेकर नर्सरी का व्यावसाय चला रहे हैं। इससे काम के साथ ही आर्थिक समृद्धि का नया रास्ता भी मिल रहा है।



### तेजी से बढ़ रहा है नर्सरी संचालन का चलन

माली नीलकंठ ने बताया कि पहले लोग पौधों के रख-रखाव के बारे में जानकारी लेते थे, लेकिन अब कम लोग ही पूछते हैं। लोग फुलवारी को सजाने का सिर्फ शौक ही नहीं रखते, बल्कि उसे सुरक्षित किस तरह रखा जा सकता है, यह भी जानते हैं। उन्होंने बताया कि जिस तेजी से शहर का विस्तार हो रहा है, उसी तेजी से नर्सरी संचालन का चलन भी बढ़ा है। अभी 100 से ज्यादा छोटी-बड़ी नर्सरी से युवा जुड़े हैं। जो प्राइवेट नौकरी करने की बजाय खुद अपनी जमीन पर नर्सरी संवारते हुए इसे रोजगार के अवसर की तरह ले रहे हैं। अभी प्रति पौधे की कीमत 25 से 80 रुपए तय है। इसे सजाने के लिए लोग अलग-अलग तरह के गमले भी खरीदने में रुचि लेते हैं।



## सिटी इवेंट

### नाटक में संत गजानन के चरित्रों का किया बखान, हास्य नाटिका ने गुदगुदाया



**रायपुर।** महाराष्ट्रीय ब्राह्मण जागृति सभा का 11वां वार्षिक उत्सव समरसता समारोह के रूप में कला मंदिर में आनंद और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सामाज की बच्चियों और महिलाओं दवरा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। जिसमें महिलाओं ने संत गजानन महाराज के दिव्य चरित्रों का बखान नाटक के माध्यम से किया तो वही हास्य नाटिका ने सभी को खूब हंसाया और गुदगुदाया। साथ ही पारंपरिक वेशभूषा में छत्तीसगढ़ी नृत्य की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. अतुल मनोहरराव देशकर ने भगवान गणेश और परशुराम की पूजा से की।

#### प्रतिभावान को किया गया सम्मानित

समारोह में होनहार बच्चों में 10वीं कक्षा के सार्थक देशपांडे, स्मृद्धि कठाळे, रितुजा सकदेव, कृतिका दीक्षित, 12 कक्षा में अथर्व गोखले, हर्षिता कापरे, खेलकूद में अध्याय देशमुख, व्यवसायिक क्षेत्र में कीर्ती तापस सहित उत्कृष्ट प्रतिभावानों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष श्रीराम कुलकर्णी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभय कठाले, महासचिव प्रशांत देशपांडे, सामाजिक सचिव हेमंत नाईक, कोषाध्यक्ष राजीव फत्तेखानी, सचिव विनय गडकर, सचिव आशीष करमरकर, मुकुंद अवधूत, सचिव अजित मोने, संजय तनखीवाले, उपाध्यक्ष सीमा वझलवार उपस्थित रहे।



#### नृत्यों ने मोहा मन

ब्राह्मण जागृति सभा की महिला सदस्यों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में छत्तीसगढ़ी गीत और सामूहिक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुती हर्षिता दशपुत्रे, सारिका फाटक, वंदना देशपांडे, उत्तरा ओखदे, शुभांगी शिवडीकर, भावना पानसे, तेजस्वीनी औरंगाबादकर, मीनल आगरकर दी गई। सभी महिला कलाकारों और पुरुष कलाकारों सहित बच्चों द्वारा देशभक्ती गीतों से सभागार में उपस्थित दर्शकों में ऊर्जा का संचार कर दिया। कार्यक्रम के अंत में महासचिव प्रशांत देशपांडे ने ब्राह्मण जागृति सभा के उद्धेश्य व लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित हुए सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन कविश गोखले ने किया।

### ब्राइडल प्रतियोगिता में बिखेरी महिलाओं की खूबसूरती

**रायपुर।** बीटीआई ग्राउंड में चल रहे गोंडवाना महोत्सव में आयोजित ब्राइडल प्रतियोगिता में शुक्रवार को महिलाओं ने खूबसूरती बिखेरी। इस बार कार्यक्रम में सांस्कृतिक विविधता और पारंपरिक आकर्षण का अनूठा संगम देखने को मिला। प्रतिभागियों ने भारत के अलग-अलग राज्यों की थीम पर तैयार होकर न सिर्फ मंच को रंगीन बनाया, बल्कि पूरे माहौल को उत्साह और शोभा से भर दिया। प्रतिभागियों में कुछ राजस्थानी पोशाक की शाही ठाठ में नजर आए तो कुछ छत्तीसगढ़ी पारंपरिक पहनावे में अपनी सादगी और खूबसूरती से दर्शकों का दिल जीतते दिखाई दिए। वहीं मराठी नऊवारी साड़ी और पारंपरिक गहनों में कुछ प्रतियोगियों ने अपनी अलग छवि प्रस्तुत की। इस बार प्रतियोगिता में फिल्मों की थीम भी खास आकर्षण रही। पद्मावत की शाही मस्ती से लेकर बॉलीवुड की कई प्रसिद्ध नायिकाओं के किरदारों को जीवंत करती प्रतिभागियों ने मंच पर शानदार रैंप वॉक पेश किया। उनके आत्मविश्वास भरे कदम, पारंपरिक और फिल्मी अंदाज की झलक तथा सजी-धजी वेशभूषा ने पूरे कार्यक्रम को यादगार बना दिया। दर्शक भी महिलाओं की प्रस्तुति और उत्साह से इतने प्रभावित हुए कि हर रैंप वॉक पर तालियों की गड़गड़ाहट गूंजती रही। ब्राइडल प्रतियोगिता न केवल सौंदर्य का प्रदर्शन बनी, बल्कि भारतीय संस्कृति, पारंपरिक परिधान और विविधता का उत्सव भी साबित हुई। सभी प्रतिभागियों ने अपनी मौलिक शैली और प्रतिभा से कार्यक्रम को दर्शकों के लिए यादगार बना दिया।





### मिस्टर, मिस एंड मिसेज फेस ऑफ सेंट्रल इंडिया सीजन- 8 के लिए ऑडिशन शुरू



**रायपुर।** राजधानी में प्रदेश की सबसे बड़ा मॉडलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन ब्रांड्स इवेंट्स द्वारा अम्बुजा मॉल सिटी सेंटर में होगा। शुक्रवार को मॉडलिंग प्रतियोगिता के लिए ऑडिशन लिया गया। मॉडलिंग प्रतियोगिता के आयोजक राहुल कुकरेजा ने बताया कि पहले दिन ऑडिशन में 20 प्रतिभागियों ने पार्टिसिपेट किया। प्रतियोगिता के लिए दो दिवसीय ऑडिशन 12 से 13 दिसंबर तक रखा गया है। ऑडिशन का दूसरा सत्र आज पूरा होगा। इसके बाद 14 दिसंबर को ग्रैंड फिनाले होगा। इस प्रतियोगिता के लिए हर वर्ष सेंट्रल इंडिया के हर कोने से प्रतिभागी अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रदर्शन करने आते हैं। इसमें विजेताओं के लिए 30,000 रुपए मूल्य का आकर्षक पोर्टफोलियो पुरस्कार रखा गया है।

कार्नर न्यूज

परीक्षा में स्टूडेंट्स को तैयार करने शिक्षाविद, कॅरियर काउंसलर और मनोचिकित्सक ने साझा किए टिप्स

# स्टूडेंट्स सब्जेक्ट रिवीजन पर करें फोकस, परीक्षा के समय पैरेंट्स-टीचर्स की भूमिका अहम, बढ़ाएं बच्चों का हौसला

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यामिक शिक्षा बोर्ड से जारी ब्लूप्रिंट और मॉडल पेपर के आधार पर स्टूडेंट्स विषयों के रिवीजन पर अभी से फोकस करना शुरू कर दें। विषयों की पूरी तैयारी हो जाए तो उनका विषयवार मॉडल पेपर के प्रश्नों का लिखित अभ्यास घर पर करें। यह अभ्यास परीक्षा हॉल में एग्जाम दे रहे मानकर निर्धारित 3 घंटे में प्रश्नों को हल करने का प्रयास करें। इससे परीक्षा की तैयारी पूरी हो जाएगी और आत्मविश्वास बढ़ेगा। ऐसा करने से परीक्षा के दिन एग्जाम हॉल में किसी भी तरह का मानसिक तनाव या डर जैसी स्थिति से बच जाएंगे। 10वीं व 12वीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए ये टिप्स गवर्नमेंट दानी गर्ल्स स्कूल के प्राचार्य हितेश दीवान ने हरिभूमि के साथ साझा करते हुए दिए। प्राचार्य ने बताया कि कल से विद्यार्थियों की अर्धवार्षिक परीक्षा की शुरुआत भी हो रही है। साथ ही छत्तीसगढ़ माध्यामिक शिक्षा बोर्ड ने आगामी बोर्ड परीक्षा को लेकर सब्जेक्ट के सिलेबस ब्लूप्रिंट और मॉडल पेपर भी जारी कर दिए हैं। यह ब्लूप्रिंट व मॉडल पेपर स्टूडेंट्स के कांसेप्ट को परीक्षा से पहले ही क्लीयर कर देता है कि उनको परीक्षा की तैयारी किस पैटर्न में करनी है। वहीं स्टूडेंट्स के मन में किसी भी विषय के किसी भी टॉपिक को लेकर कोई कठिनाई या कन्फ्यूजन की स्थिति हो रही है तो अभी समय रहते वे अपने टीचर्स और पैरेंट्स से समस्या को शेयर कर लें। इस पैटर्न से 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी करने वाले स्टूडेंट्स के लिए परीक्षा बहुत आसान हो जाएगी।



### जीवन की अंतिम परीक्षा मानकर न चलें स्टूडेंट्स

शहर की जानी-मानी शैक्षणिक परामर्श मनोवैज्ञानिक डॉ. वर्षा वरवंडकर व कॅरियर काउंसलर डॉ. अजित वरवंडकर बताते हैं कि स्टूडेंट्स किसी भी परिस्थिति में परीक्षा को जीवन की अंतिम परीक्षा न मानें। परीक्षा में सफलता या असफलता से व्यक्ति की कामयाबी की पैमाना तय नहीं होता। स्टूडेंट्स अपने पर भरोसा कर पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित रखें। पढ़ाई के दौरान किसी भी तरह की कठिनाई, मन में हताशा या नकारात्मक भाव आए तो वे अपने पैरेंट्स, टीचर्स से बात कर समस्या का समाधान ढूंढें। इस स्थिति में पैरेंट्स व टीचर्स बच्चों का हौसला बढ़ाएं।



### पैरेंट्स और टीचर्स करें सपोर्ट

पंडरी जिला अस्पताल के मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. अविनाश शुक्ला स्टूडेंट्स के पैरेंट्स व टीचर्स को सुझाव देते हुए बता रहे हैं कि किसी भी परीक्षा के समय स्टूडेंट्स को पैरेंट्स व टीचर्स सकारात्मक रूप से सपोर्ट करें। स्टूडेंट्स के लिए एग्जाम कॅरियर टर्निंग प्वाइंट होता है। ऐसे में परीक्षा के समय स्टूडेंट्स का मन स्वभाविक तौर पर अति संवेदनशील मनोदशा से गुजरता रहता है। वहीं स्टूडेंट्स को सलाह है कि वे परीक्षा के दबाव या तनाव से बचने के लिए टॉपिक्स की रिवीजन टाइम टेबल बनाकर करें। साथ ही पढ़ाई के दौरान रिलेक्सेशन यानी अपनी हॉबी के लिए भी समय निकालें। पर्याप्त नींद लें और पौष्टिक भोजन रुटीन में शामिल करें। एकाएक परीक्षा के समय बिना ब्रेक के नियमित घंटों पढ़ाई से बचें।

## सिटी लाइव

# सॉफ्टवेयर डेवलपर आज से देंगे वेबसाइट बनाने की फ्री ट्रेनिंग

**रायपुर।** तेजी से बढ़ते तकनीकी चलन के बीच युवा उद्यमी, विद्यार्थी, व्यापारी और एनजीओ संचालक ही नहीं, बल्कि घरेलू प्रोडक्ट बनाने युवा अपने काम को बड़ा आकार नहीं दे सकते हैं, तकनीकी जानकारी के अभाव में किसानों को भी नई जानकारी नहीं मिलने और सही जानकारी के अभाव में बेहतर रिजल्ट नहीं मिलता है। ऐसे लोगों के लिए 13 से 17 दिसंबर तक मोबाइल पर किस तरह से जानकारी जुटा सकते हैं। खुद किस तरह से वेबसाइट बना सकते हैं। इसे बनाने की निशुल्क ट्रेनिंग जनता-83 शंकर नगर सेक्टर-2 में दी जाएगी। इसमें सर्वर, सॉफ्टवेयर एक्सपर्ट के रूप में रविशंकर सिन्हा सहयोग करेंगे। अपने मोबाइल पर वेबसाइट बनाना सीखें विषय पर युवाओं को वे प्रशिक्षण देंगे। इस निशुल्क ट्रेनिंग का उद्देश्य लोगों को डिजिटल वर्किंग के माध्यम से अपग्रेड करना है।



### कंप्यूटर की जानकारी होना जरूरी नहीं

यह ट्रेनिंग विशेष रूप से अनुभवी सॉफ्टवेयर डेवलपर रविशंकर सिन्हा के तकनीकी सहयोग, संसाधनों के माध्यम से संभव होगा। वर्ष 1997 से कार्यरत श्री सिन्हा विभिन्न तरह के ट्रेनिंग सेवा प्रदान करते हैं। इस आयोजन के लिए आवश्यक सर्वर खर्च और सॉफ्टवेयर टूल निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। इस ट्रेनिंग में कोई भी भाग ले सकता है। उनको केवल मोबाइल चलाना आना चाहिए। किसी विशेष शैक्षणिक योग्यता या पहले से कंप्यूटर की जानकारी होना जरूरी नहीं है। जो पहले से जानते हैं, उन्हें इसका फायदा मिलेगा। श्री सिन्हा ने बताया कि यदि कोई अपने स्तर पर भी डिजिटल प्लेटफार्म को बेहतर करने के लिए प्रशिक्षण देने बुलाते हैं तो वे तकनीकी सहयोग देते हैं।

## धर्म लाइव

# आराधना 4.0 भावपूर्ण संकीर्तन की तैयारी, 14 को होगा महोत्सव

**रायपुर।** श्याम प्रभु की कृपा एवं शहर के धर्मप्रेमियों के सहयोग से इस वर्ष भी भव्य आराधना महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। लखदातार सेवा समिति लगातार तीन वर्षों से श्याम प्रभु की महिमा, सेवा एवं भक्ति को समर्पित भजन-संध्या और संकीर्तन का आयोजन करती आ रही है, जिन्हें समाज के सभी वर्गों से सहयोग मिल रहा है। इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए 14 दिसंबर को शाम साढ़े पांच बजे से अग्रसेन धाम देवेंद्र नगर में "आराधना 4.0 भावपूर्ण संकीर्तन" का आयोजन किया जाएगा। श्याम सेवक मयंक अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष आयोजन को आध्यात्मिक, सुव्यवस्थित और आकर्षक बनाने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। पूरा परिसर श्याम प्रभु के राजसी दरबार, पुष्प-सज्जा, भक्ति झांकियों, छप्पन भोग एवं विशेष प्रकाश व्यवस्था से सुसज्जित किया जाएगा।

### भजन संध्या में प्रख्यात कलाकार देंगे प्रस्तुति

इस बार के आयोजन में मुख्य आकर्षण भक्ति संध्या होगी। इसमें देश के विभिन्न क्षेत्रों के सुप्रसिद्ध भजन गायक अपनी प्रस्तुति देंगे। इस बार राज पारीक कोलकाता, रेशमी शर्मा समस्तीपुर, विवेक शर्मा 'जीतू' कोलकाता और अभिषेक नागा जयपुर से आ रहे हैं। वहीं मंच पर अमन उपाध्याय, प्रियांशु मित्तल की जोड़ी आराधना 4.0 को आकर्षण का केंद्र बनाने के साथ ही भक्तों के बीच भजनों से धूम मचाने वाले हैं। इन सभी कलाकारों की प्रस्तुति श्याम प्रभु के प्रेम, भक्ति, करुणा एवं महिमा पर केंद्रित होगी। इनके भजनों से संपूर्ण वातावरण को श्याममय बना देगी। इस भक्तिमय आयोजन को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति ने दायित्वों का विभाजन किया है।

## लाइव इवेंट

# दो दिवसीय आईआरआईए छत्तीसगढ़ चैप्टर आज से

**रायपुर।** राजधानी में 15वीं एनुअल स्टेट कांफ्रेस ऑफ इंडियन रेडियोलॉजिकल एंड इमेजिंग एसोसिएशन छत्तीसगढ़ चैप्टर का आयोजन किया जा रहा है। यह दो दिवसीय कांफ्रेंस का आयोजन अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम पं. जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल मेडिकल कॉलेज में किया गया है। इस कांफ्रेंस के उद्घाटन समारोह में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। यह आयोजन आईआरआईए छत्तीसगढ़ चैप्टर और डिपार्टमेंट ऑफ रेडियोडायग्नोसिस पं. जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एंड डॉ. बीआर अम्बेडकर मेमोरियल हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है। यह कांफ्रेस डॉ. आनंद जायसवाल के अध्यक्षता में होगी। इसमें पं. जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठता डॉ. विवेक चौधरी और पूर्व अधिष्ठता डॉ. एए. उस्मान के मार्गदर्शन में आयोजित होगी। इसकी जानकारी पं. जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल मेडिकल कॉलेज की डॉ. ज्योति जायसवाल ने दी।

### छग कलार समाज का 25 दिसंबर को युवक-युवती परिचय सम्मेलन

रायपुर। छत्तीसगढ़ कलार समाज द्वारा इस वर्ष भी अपने विवाहयोग्य युवक-युवतियों का 35वां परिचय सम्मेलन एवं मिलन समारोह आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 25 दिसंबर 2025 को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रायपुर में होगा। समारोह में समाज की "युवक-युवतियों के संग्रहित जीवनवृत्त" पुस्तिका का विमोचन भी किया जाएगा। समाज के सभी स्वजातीय बंधु-बांधवों को परिवार सहित आमंत्रित किया गया है। सचिव प्रेमप्रकाश गजेंद्र ने बताया कि युवक-युवती परिचय पुस्तिका में शामिल होने के लिए जीवनवृत्त (बायोडाटा) 20 दिसंबर 2025 तक आमंत्रित हैं। बायोडाटा के साथ पासपोर्ट साइज फोटो संलग्न करना आवश्यक है। बायोडाटा और विज्ञापन देने वाले समाज के स्वजातीय बंधुओं को एक-एक पत्रिका निशुल्क प्रदान की जाएगी।

---

### क्रिसमस सेलिब्रेशन के नजदीक आते ही बाजार में बढ़ी रौनक, उत्साह का माहौल

# म्यूजिकल आदमकद सांता क्लाज और एलईडी क्रिसमस ट्री बच्चों को कर रहे आकर्षित

क्रिसमस के नजदीक आते ही बाजार में रौनक बढ़ गई है। शहर के गिफ्ट दुकानों पर सांता क्लाज की ड्रेस, पुतले, क्रिसमस ट्री, सजावटी सामान, उपहार खरीदने लोगों की भीड़ इन दिनों जुट रही है। बच्चे-बड़े सभी फैमिली के साथ क्रिसमस सेलिब्रेशन के लिए उपहार खरीदने में भी व्यस्त हैं। बाजार में म्यूजिकल आदमकद के सांता क्लॉज, एलईडी क्रिसमस ट्री और सांता की ड्रेसेस उपलब्ध हैं।

**रायपुर।** शहर के स्कूलों की एनुअल फंक्शन में भी क्रिसमस सेलिब्रेशन की झलक दिख रही है। इसमें आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चों में सांता क्लॉज बनने की उत्साह कमाल का है। क्रिसमस की पोशाकें भी उपलब्ध हैं, जो विभिन्न कीमतों पर मिल रही हैं। राजधानी के मेनरोड से लेकर गोलबाजार, पुरानी बस्ती रोड बाजार, शंकरनगर रोड, वीआईपी रोड मार्केट क्रिसमस सेलिब्रेशन के रंग में रंगा दिखाई दे रहा है। वहीं शहर के मॉल, होटल्स में क्रिसमस के लिए सजावट की गई है, जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है। इसमें थीम बेस्ड बड़े-बड़े क्रिसमस ट्री, जगमगाती लाइट्स, सांता क्लॉज और ईसा मसीह की झांकियां सजाई गई हैं। वहीं 25 दिसंबर को क्रिसमस सेलिब्रेशन के लिए शहर के चर्च में भी तैयारियां जारी हैं और उत्साह का माहौल बन गया है। बाजार में न सिर्फ सांता के गिफ्ट उपलब्ध हैं, बल्कि सांता क्लाज की पोशाकें की विशाल रेंज भी मौजूद हैं।



### नए के साथ ही रेंट पर भी सांता ड्रेस उपलब्ध

सांता की ड्रेस बाजार में 250 रुपए से लेकर एक हजार रुपए तक में उपलब्ध है। बच्चों की उम्र और साइज के हिसाब से ड्रेस की कीमत बढ़ती और घटती है। अगर माता-पिता बच्चों के लिए नई ड्रेस नहीं खरीदना चाहते हैं तो पुरानी बस्ती रोड पर कई ड्रेस किराया भंडार की दुकानें हैं, जहां बच्चों के लिए सांता की ड्रेस 200 से 500 रुपए में प्रतिदिन के रेंट पर मिल रही है। यहां से ड्रेस लेने के लिए 500 रुपए तक की सिक्योरिटी मनी डिपाजिट करनी पड़ती है।

### क्रिसमस ट्री 10 इंच से लेकर 8 फीट तक

*बाजार में कई प्रकार के क्रिसमस ट्री उपलब्ध है। नार्मल साइज क्रिसमस ट्री 10 इंच से लेकर 8 फीट तक और सांता क्लॉज की आदमकद 9 फीट तक उपलब्ध है। क्रिसमस ट्री की साइज के हिसाब से कीमत 20 रुपए से लेकर 1500 रुपए है। वहीं सांता क्लाज की साइज के हिसाब से कीमत 200 से 2000 रुपए तक मिल रही है। इसके अलावा एलइडी क्रिसमस ट्री दो हजार से लेकर 5 हजार रुपए तक की उपलब्ध है। इसके अलावा इसे सजाने के लिए बेलबॉल 50 रुपए से लेकर 250 रुपए तक के पैक में उपलब्ध है।*





### सांता के मुखौटे और टोपी की डिमांड


शंकरनगर स्थित एक सजावटी गिफ्ट हाउस के संचालक ने बताया कि इस साल कॉलेज के छात्रों के लिए भी बाजार में सांता के कपड़े और गिफ्ट आइटम उपलब्ध हैं। बड़ों के लिए सांता के कपड़े 1 हजार से लेकर 15 सौ रुपए तक में उपलब्ध हैं। साथ ही कई आकर्षक गिफ्ट भी बाजार में हैं। सांता क्लॉज बनने के लिए बाजार में सांता के मुखौटे और टोपी भी बच्चों और युवाओं में लोकप्रिय हैं। मुखौटों की कीमत 60 रुपए से शुरू हो रही है। यह साइज के हिसाब से तय कीमत पर उपलब्ध है। वहीं 75 रुपए से फर वाली टोपी और सांता क्लॉज की दाढ़ी वाले मुखौटे की डिमांड हो रहे है।

---

# बाजार में ब्राजील और कनाडा से आ रहे वाद्ययंत्र, खरीद रहे 35 हजार तक के वायलिन

**रायपुर।** कोई भी गाना वाद्ययंत्रों की ध्वनि के बगैर अधूरा है। यही वजह है कि पुरानी और नई फिल्मों के अधिकांश गानों में वायलिन का प्रयोग अधिक किया जाता था। आज भी ज्यादातर फिल्मों के बैकग्राउंड म्यूजिक में इसका इस्तेमाल किया जाता है। शहर में भी कोलकाता और जयपुर के बेहतरीन ध्वनि गुण और उच्च गुणवत्ता के वायलिन बिकते हैं। विशेष आर्डर पर मेपल वुड, ब्राजील और कनाडा से मंगाए जाते हैं। इंडियन वुड और पाइनवुड पहाड़ों से प्राप्त होती है। शहर में फोर स्ट्रिंग, फाइव स्ट्रिंग, सेवन स्ट्रिंग और तरब वायलिन मिलते हैं। इसकी कीमत 15 हजार से लेकर 35 हजार रुपए तक होती है, जो इसे संगीत प्रेमियों और पेशेवरों के बीच खासा लोकप्रिय बनाती है। शहर के वायलिनिस्ट का कहना है कि वायलिन के बिना फिल्मों या फिर गीतों मे उदासी का भाव नहीं आ सकता। इसलिए इस विधा का महत्व संगीत में हमेशा रहेगा। विश्व वायलिन दिवस पर हरिभूमि ने शहर के वायलिनिस्ट से बातचीत की, जिन्होंने अपनी कला से देश में अलग पहचान बनाई है। बता दें कि वायलिन का आविष्कार 16वीं शताब्दी के मध्य में उत्तरी इटली में हुआ था। वायलिन वादक तारों पर धनुष खींचकर कई तरह से ध्वनि में बदलाव करते हैं। वायलिनिस्ट डॉ. के. रोहन नायडू का कहना है कि वायलिन बहुत गहन साधना और अनुशासन मांगता है। सच कहें तो यह जीवन मांगता है। आजकल का समय और दिनचर्या संगीत की पौध, नए विद्यार्थियों के लिए थोड़ा-सा विपरीत कार्य कर रही है। जब हम तुलना करते हैं पहले के समय और आज के समय में तो हम इसे संगीत के दृष्टिकोण से प्रतिकूल ही पाते हैं। बहुत-सी अनावश्यक बातों और कार्यों में आज समय नष्ट हो रहा है, जिसके कारण वैसे परिणाम भी हमारे सामने नहीं आ पा रहे हैं। वायलिन के विद्यार्थियों में अपेक्षाकृत पहले से आज के समय में बहुत अधिक वृद्धि हुई है। लोग बड़े स्तर पर वायलिन सीख रहे हैं और सीखना चाहते हैं। रोहन ने बताया कि वायलिन की प्रेरणा उनके संगीत-प्रेमी परिवार से मिली। उनकी रुचि बचपन से ही संगीत में थी और उन्होंने 3 वर्ष की उम्र में संगीत की शुरुआत की। उन्हें उनके गुरुजनों और विशेष रूप से विदूषी डॉ. एन. राजम से प्रेरणा मिली।

*विश्व वायलिन दिवस : पांच साल में 50 फीसदी युवाओं ने शास्त्रीय संगीत के लिए वायलिन को चुना*



**देश के कई नामी संगीत विवि में सेवाएं दे रहे:** शहर में युवा अब वायलिन सीखना चाह रहे हैं, लेकिन शहर में वायलिन टीचर्स की कमी है। शहर में कुछ प्राइवेट इंस्टीट्यूशन में वायलिन सिखाया जाता है। यहां से कुछ वायलिनिस्ट भी निकले हैं, जो देश के कई नामी संगीत विवि में सेवाएं दे रहे हैं और युवाओं को वायलिन सिखा रहे हैं। स्कूलों में एनुअल फंक्शन के दौरान कई स्टूडेंट्स वायलिन बजाते हैं। उन्हें स्कूल में सिखाया जाता है।

# खेती करे किसान ह, भरते कोठी धान, मिहनत करथे रात-दिन, रखव सबे झन मान...

### सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में काव्य गोष्ठी



**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में काव्य गोष्ठी का आयोजन शुक्रवार को छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य मंडल द्वारा किया गया। इस दौरान शहर के वरिष्ठ व युवा कवियों ने उत्साह से भागीदारी निभाई। काव्य गोष्ठी का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। काव्य गोष्ठी में प्रतिभागी कवियित्री शोभा मोहन श्रीवास्तव ने छत्तीसगढ़ी कविता सरबांवट घेरे हे, आए बिन बलाये हे, पीपर ल ढलगाये, मनसुभा बनाए हे...से शुरुआत कर काव्य मंच का मन मोहा। वहीं भूपेन्द्र शर्मा भूप ने मन की तड़पन, मन की धड़कन...कविता सुनाई। पल्लवी झा (रूमा) ने खेती करे किसान ह, भरते कोठी धान, मिहनत करथे रात-दिन, रखव सबे झन मान...कविता के माध्यम से खेती-किसानी के महत्व को सजाकर प्रस्तुत किया। कवियों ने अपनी थीम बेस्ड कविता के पाठ से उपस्थित काव्य प्रेमियों को मंत्रमुग्ध किया। काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता आचार्य अमरनाथ त्यागी ने की। वहीं संचालन सुनील पांडे ने एवं संयोजन गोपाल सोलंकी ने किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य मंडल के पदाधिकारी, साहित्यकार और कवियों सहित काव्य प्रेमी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### इन कवियों ने बांधा समां

काव्य गोष्ठी में डॉ. मानिक विश्वकर्मा नवरंग, डॉ. महेंद्र ठाकुर, अंबर शुक्ला अंबरीश, कल्याणी तिवारी, सुरेंद्र रावल, सुमन शर्मा बाजपेई, गोपाल सोलंकी, डॉ. उदयभान चौहान, डॉ. कमल वर्मा, सुषमा पटेल, भूपेंद्र शर्मा, कुमार जगदलवी, शालू सूर्य, रीना अधिकारी, मन्नूलाल यदु, मो. हुसैन, छबिलाल सोनी, कृष्ण मुरारी वर्मा, रामगोपाल शुक्ला, राजेंद्र ओझा, मोहन श्रीवास्तव, उत्तम देवहरे, शोभा मोहन श्रीवास्तव, राहुल कलिहारी, सीमा जैन, यशवंत यदु, डॉ. युक्ता राजश्री ने प्रस्तुति दी।

---

### प्रो.जेएन पाण्डेय स्कूल में जिला युवा उत्सव का आयोजन, प्रतिभागियों ने प्रस्तुति से मचाई धूम

# पंथी नृत्य, गीत-संगीत के बाद प्रतिभागियों ने कैनवास पर उकेरी कृतियां, कला और कौशल से सजाया युवा उत्सव

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** शहर के प्रो.जेएन पाण्डेय स्कूल में शुक्रवार को युवा उत्सव की धूम रही। जिले के अलग-अलग क्षेत्र से आए प्रतिभागियों ने मंचीय प्रस्तुति से दर्शक दीर्घा में मौजूद कलाप्रेमियों को अच्छा माहौल दिया। जिला प्रशासन एवं युवा कल्याण विभाग के आयोजन में हर विधा के कलाकारों ने गीत-संगीत ही नहीं, लोकनृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों समेत निर्णायकों का ध्यान आकर्षित किया। जिला युवा उत्सव में पंथी नृत्य से जुड़े नर्तक दल ने पिरामिड बनाते हुए लोगों के बीच उत्साह का माहौल निर्मित किया। उनकी प्रस्तुति के बीच दर्शक दीर्घा में युवा भी जमकर झूमे। लोक गीत-संगीत के बीच कविता पाठ का सिलसिला भी लोगों के बीच खास रहा। आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति के लिए मंच पर आए कलाकारों ने दर्शकों और निर्णायकों से भी वाहवाही लूटी। वहीं युवाओं का एक वर्ग कैनवास पर कलाकृतियों को रंगों से तराशने में जुटा था। हर किसी ने प्रकृति के रंगों को कैनवास पर उकेरने का प्रयास किया।



### युवा उत्सव के अंत में विजेताओं की घोषणा

*खेल अधिकारी ने बताया कि सभी विजयी प्रतिभागियों को राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर मिलेगा। नवाचार में प्रथम कोमल धृतलहरे, द्वितीय धनंजय मनहर रहे। वहीं चित्रकला में प्रथम नैना निषाद, द्वितीय टिकेश्वरी देवांगन को चुना गया। कविता पाठ में आर्यन खन्ना प्रथम, द्वितीय समृद्धि दुबे को चुना गया। वाद विवाद में प्रथम देवाशीष पटेल, द्वितीय मोनिका साहू रहीं। एकांकी में प्रथम सूर्या बघेल और साथी को चुना गया। लोक नृत्य में प्रथम उपकार पंथी समूह, दुर्गेश पंथी समूह,रॉक बैंड में प्रथम स्वर कला केंद्र, वेशभूषा में प्रथम सूरज, द्वितीय मोहन मनहर, कहानी में प्रथम जसवंत नेताम, द्वितीय सोनिका रहीं।*

### चौदह विधाओं में आयोजित की प्रतियोगिता



युवा उत्सव के लिए सजाए गए मंच का संचालन करते हुए आकांक्षा दुबे ने जिला प्रशासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के आयोजन में अहम कड़ी रही। जिले के अलग-अलग क्षेत्र से जिला स्तरीय प्रतियोगिता का हिस्सा बनने के लिए आए युवाओं को मंच से जोडते हुए अपनी प्रस्तुति की छाप छोड़ने का अवसर दिया। चौदह विधाओं में आयोजित की गई प्रतियोगिता में युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद दक्षिण के विधायक सुनील सोनी ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर निगम आयुक्त विश्वदीप और जिला पंचायत के सीईओ कुमार विश्वरंजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला खेल अधिकारी प्रवेश जोशी ने युवाओं को इस आयोजन से जोड़ने में अहम भूमिका निभाई।

## सिटी स्पोर्ट्स

### अंडर-16 में छत्तीसगढ़ के अर्श ने लिए 4 विकेट



**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा मेंस अंडर 16 विजय मर्चेन्ट मल्टी डे ट्राफी 2025 का आयोजन 07 दिसंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का दूसरा मैच (12-14 दिसंबर) मुरैना, मध्य प्रदेश में ओडिशा अंडर 16 टीम के विरुद्ध खेला गया। पहले दिन छत्तीसगढ अंडर-16 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया।

ओडिशा ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 57.1 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर केवल 139 रन ही बनाये। ओडिशा की ओर से आशुतोष नायक ने सर्वाधिक 38 रन तथा ओमप्रकाश दास ने 24 रन बनाये। नील नितिन मोहंती ने भी 23 रनों का योगदान दिया।

छत्तीसगढ अंडर 16 टीम की ओर से अर्शवीर सिंह भाटिया ने शानदार गेंदबाजी करते हुये 4 विकेट तथा अरहम नाहर ने 2 विकेट लिए। पहले दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ ने अपनी पहली पारी में 32 ओवरों में 4 विकेट खोकर 81 रन बना लिये हैं। छत्तीसगढ की ओर से अंशुमन ठाकुर ने 30 रन तथा आदित्य ने 23 रन बनाये। खेल समाप्त होने तक चंद्रहास 8 रन तथा उज्जवल 2 रन बनाकर क्रिज पर खेल रहे हैं। ओडिशा की ओर से मृत्युंजय दास ने 2 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ 58 रनों से पीछे है।

### अंडर-19 में जारी है शानदार मुकाबले



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 प्लेट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे राउंड के दूसरे दिन शानदार मुकाबले हुए। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में टीम कोरबा ने सरगुजा के विरुद्ध 9 विकेट से जीत हासिल की और 6 अंक हासिल किए। साइंस कॉलेज राजनांदगांव में टीम दुर्ग ने कोरिया जिला के विरुद्ध 9 विकेट से जीत हासिल की और 6 अंक हासिल किए। दल्ली राजहरा में टीम दंतेवाड़ा ने महासमुंद के विरुद्ध एक पारी एवं 34 रन से जीत हासिल की और सात अंक हासिल किये। कवर्धा में टीम जशपुर ने कवर्धा के विरुद्ध 29 रन से जीत हासिल की और 6 अंक हासिल किए। न्यू ग्राउंड कांकेर में रायगढ़ ने नारायणपुर के विरुद्ध एक पारी एवं 55 रन से जीता एवं 7 अंक प्राप्त किए। धमतरी में टीम रायपुर ब्लू ने बस्तर के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी 330 रन बनाए और टीम आउट हो गई। बल्लेबाजी करते हुए बस्तर टीम पहली पारी में 96 रन पर आउट हुई। फॉलोआन खेलते हुए बल्लेबाजी में बस्तर ने दूसरी पारी 5 विकेट पर 82 रन बनाए।

### श्रीमंत को पैरा पंजा कुश्ती में रजत



**भिलाई।** पंजा कुश्ती के खिलाड़ी श्रीमंत झा को एशियन पैरा पंजा कुश्ती कप 2025 यूएई–शारजाह में रजत पदक जीता। उन्होंने 85 किलोग्राम वर्ग में यह उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता में श्रीमंत झा ने बेहतरीन ताकत, तकनीक और धैर्य का प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई और उत्कृष्ट संघर्ष के बाद सिल्वर मेडल अर्जित किया। श्रीमंत ने कहा कि यह उनके लिए विशेष उपलब्धि है। वह हर मैच देश के वीर जवानों की प्रेरणा से खेलते है और अब उनका लक्ष्य आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल जीतकर भारत का नाम और ऊँचा करना है।

### सीनियर नेशनल सॉफ्टबॉल में भाग लेंगी छत्तीसगढ़ की टीम



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश सॉफ्टबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने 47वीं सीनियर नेशनल सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने वाले पुरुष एवं महिला दल के चयन सूची जारी की है। सीनियर नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन 14 से 18 दिसंबर के मध्य दत्तापुलिया (पश्चिम बंगाल) में हो रहा है। राज्य दल के गठन हेतु 15 एवं 16 नवंबर को पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर स्थित सॉफ्टबॉल मैदान में चयन प्रशिक्षण आयोजित किया गया था एवं उसके पश्चात प्रारंभिक रूप से चयनित खिलाड़ियों का 25 नवंबर से 11 दिसंबर के मध्य रायपुर में ही प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। पुरुष वर्ग में कोरबा से मानस केसरवानी, रायपुर से किशन महानंद, बीरू बाघ, मोहित ठाकुर, गौरव डहरिया, निखिल नायक, दीपक साहू, राजनांदगांव से वी मोहन राव, नीलेंद्र पटेल, रायगढ़ से सौरभ यादव, दुर्ग से मयंक राजपूत, पी आशीष, सुशांत यादव, कबीरधाम से भूपेंद्र गढ़े, कमलेश्वर निर्मलकर, दंतेवाड़ा से संतोष यादव, प्रशिक्षक अमित कुमार वरु एवं बी रूद्रपति, मैनेजर चंद्रशेखर पुरी गोस्वामी, महिला वर्ग रायपुर से गंगा सोना, प्रीति वर्मा, नेहा छुरा, अंजू टांडी, मनीषा गोंड शामिल हैं।

ठंड के इस मौसम में हड्डियों और जोड़ों की परेशानी से राहत के लिए उठाएं कदम

# सर्दी के मौसम में बढ़ गई हैं गठिया की दिक्कतें घबराएं नहीं और इन उपाय से करें अपना बचाव

सर्दियों के इस मौसम को सेहत के लिए कई प्रकार से चुनौतीपूर्ण माना जाता है। कम तापमान में कई वायरस सक्रिय हो जाते हैं जिसके कारण इंफ्लूएंजा और अन्य संक्रमण का खतरा तो बढ़ ही जाता है साथ ही साथ ये मौसम उन लोगों के लिए भी समस्याकारक है जो हड्डियों और जोड़ों की दिक्कत से परेशान हैं। ठंड के महीनों के दौरान, गठिया से पीड़ित लोगों की दिक्कतें ट्रिगर हो सकती हैं, जोड़ों का दर्द बढ़ सकता है और आप अधिक असहज महसूस कर सकते हैं। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ ऐसे लोगों को सर्दियों के मौसम में विशेष सावधानी बरतते रहने की सलाह देते हैं।

ठंड के मौसम में साइनोवियल फ्लूड (दो हड्डियों के बीच में मौजूद एक पदार्थ) की मोटाई में बदलाव के कारण ये दिक्कतें होती हैं। साइनोवियल फ्लूड जोड़ों को सुचारू रूप से काम करने में मदद करती है। इस द्रव के गाढ़ा होने से जोड़ सख्त हो जाते हैं, जिससे उनमें दर्द और जकड़न की समस्या बढ़ सकती है। तो गठिया के शिकार लोगों को इस मौसम में क्या उपाय करने चाहिए? आइए जानते हैं।



### सर्दियों में गठिया की समस्या

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ठंड के दिनों में गठिया की समस्या के बढ़ने का एक कारण यह भी है कि इस मौसम में अक्सर लोगों की शारीरिक गतिविधि कम हो जाती है। व्यायाम कम करने और शारीरिक रूप से निष्क्रिय रहने के कारण मांसपेशियों में कमजोरी और जोड़ों में अकड़न पैदा हो सकती है। सर्दियों में सूरज की रोशनी भी कम निकलती है जो विटामिन-डी का स्रोत है। विटामिन-डी की कमी हड्डियों के लिए बहुत नुकसानदायक है। इस तरह की स्थितियों में अपनी हड्डियों को स्वस्थ रखने और गठिया की दिक्कतों से बचे रहने के लिए आप पहले से ही कुछ प्रयास कर सकते हैं।

### ठंड से बचने का करें प्रयास

सर्दी के मौसम में अपने शरीर को गर्म रखना जोड़ों की समस्याओं से बचे रहने के लिए सबसे जरूरी है। शरीर को गर्म रखने के लिए इलेक्ट्रिक कंबल, रूम हीटर या वार्मर का उपयोग करें। सर्दियों में ऊनी कपड़े और थर्मल पहनें, विशेषकर जोड़ों को ढककर रखें। इन उपायों की मदद से जोड़ों की अकड़न से बचा जा सकता है। जोड़ों की गर्म सेकाई करना भी अच्छा विकल्प है, इसकी मदद से भी आप लक्षणों को बिगड़ने से रोक सकते हैं।



### नियमित व्यायाम जरूरी

नियमित व्यायाम की आदत संपूर्ण स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए जरूरी है। इसकी मदद से जोड़ों की गतिशीलता को भी बनाए रखने में मदद मिलती है। अगर ठंड के कारण टहलना बहुत मुश्किल है, तो योग और स्ट्रेचिंग जैसे हल्के इनडोर व्यायाम करें। व्यायाम मांसपेशियों की ताकत और जोड़ों की गतिशीलता को बनाए रखने में मदद करते हैं। डॉक्टर कहते हैं, जो लोग नियमित व्यायाम करते हैं उनमें गठिया या इसके कारण होने वाली समस्याओं का जोखिम कम होता है।



### पर्याप्त नींद और उपचार पर दें ध्यान

जोड़ों को स्वस्थ रखने और गठिया की समस्या को बढ़ने से रोकने के लिए शरीर को पर्याप्त आराम देना और हर रात 6 से 8 घंटे सोना भी बहुत आवश्यक है। अच्छी नींद समग्र स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। यह सूजन संबंधी प्रतिक्रियाओं को कम करने में भी मददगार है जिससे गठिया के लक्षणों को कम किया जा सकता है।

इन सभी उपायों के साथ डॉक्टर द्वारा दी गई दवाओं और बताए गए उपायों का भी पालन जरूर करें। गठिया की समस्या अगर बढ़ती दिखे तो तुरंत चिकित्सक का परामर्श लें।



### राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ को मिले चार मैडल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ को सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में चार मैडल प्राप्त हुए हैं। 10 से 20 दिसंबर तक तेलंगाना में जारी 32 सीनियर एनटीपीसी राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के तीरंदाजों ने यह उपलब्धि हासिल की।

छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के 36 तीरंदाज, कोच और मैनेजर भाग ले रहे हैं। जिसमें शुक्रवार को इंडियन वर्ग की प्रतियोगिता में 30 मीटर में विकास कुमार को गोल्ड मैडल मिला। 50 मीटर में चांदनी साहू को सिल्वर मैडल मिला। वहीं बालिका टीम में झारखंड को



हराते हुए छत्तीसगढ़ को गोल्ड मैडल मिला।

मैडल के तौर पर ओलंपिक ग्राउंड में विकास कुमार को कांस्य पदक। खुशी की बात यह है कि चांदनी साहू और विकास कुमार दोनों जूनियर सब जूनियर के खिलाड़ी हैं और इन्होंने सीनियर वर्ग में मेडल प्राप्त किए हैं। मुरारका ने बताया कि नवंबर में ईटानगर अरुणाचल प्रदेश में भी इन्हीं तीरंदाजों ने गोल्ड मेडल जीता था। वहीं कुछ दिन पहले नेशनल गेम में भी इन्हीं लोगों ने छत्तीसगढ़ की झोली में चार-चार पदक डाले थे। मुरारका ने उम्मीद जताई है कि रायपुर में होने वाली जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी छत्तीसगढ़ की झोली में यही खिलाड़ी, यही तीरंदाज, यही टीम, छत्तीसगढ़ को मेडल दिलाएंगे। मुरारका ने बताया कि टीम के रायपुर आने पर शानदार स्वागत किया जाएगा। छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के प्रदेश अध्यक्ष और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, खेल मंत्री व उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, भारतीय तीरंदाजी संघ छत्तीसगढ़ संगठन के सचिव आयुष मुरारका, टी टी बेहरा और आत्माराम सहित अनेक तीरंदाजो और कोच मैनेजर ने मेडल प्राप्त करने पर खिलाड़ियों को बधाईयां दी है।



## सिख प्रीमियर लीग क्रिकेट में आज खेले जाएंगे सेमीफाइनल मैच



■ पहला रायपुर व चंडीगढ़ एवं दूसरा मैच लुधियाना व पटियाला के बीच होगा

**रायपुर।** सिख प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार 13 दिसंबर को दो सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे। पहला मैच रायपुर व चंडीगढ़ एवं दूसरा मैच लुधियाना व पटियाला के बीच होगा। इधर 17 वीं एसपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को खेले गए पहले मैच में नागपुर को 95 रन से हराकर चंडीगढ़ सेमीफाइनल में पहुंची। वहीं दूसरे मैच की विजेता टीम पटियाला चौथी सेमीफाइनलिस्ट रही। इससे पहले रायपुर व लुधियाना की टीमें सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। शनिवार 13 दिसंबर को दो सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे। फाइनल मैच रविवार 14 दिसंबर को होगा।

शुक्रवार को पहला मैच चंडीगढ़ सिंग्स व सिमरन रायल्स किंग्स नागपुर के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए चंडीगढ़ की टीम ने 162 रन बनाये। 3 चौके व 2 छक्कों की मदद से सबसे ज्यादा 40 रन नरेन्दर सिंग ने बनाए। मनिंदर ने 29 व गुरबेज ने 20 रनों की सहयोगी पारी खेली। 19 एक्सट्रा रन भी मिले। नागपुर के गेंदबाज आगमसिंग 17 रन देकर 2 व पहुलदीप ने 20 रन देकर 2 विकेट लिए।

सिमरन रायल्स किंग्स नागपुर की टीम केवल 67 रन (13.4 ओवर) पर आल आउट हो गई। एकमात्र आगमसिंग ही रहे जिन्होने 24 रन (23) बनाए। पवन व कैफी ने क्रमशः 11 व 12 रन बनाए। चंडीगढ़ के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया जोहनप्रीत व हरप्रीत ने 2-2 विकेट लिए लेकिन गुरबेज ने मात्र चार गेंद में 1 रन देकर 3 विकेट लेकर आखिरी के बल्लेबाजों को समेट दिया। जिसमें अंतिम दो को शून्य पर आउट किया। गुरबेज आज के प्लेयर आफ द मैच चुने गए। इससे पहले उन्होने 20 रन की उपयोगी पारी भी खेली थी। इस अवसर पर दशमेश सेवा सोसायटी के सदस्यों के साथ छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के ज्वाइन सेक्रेटरी मो. अकरम व छत्तीसगढ़ फुटबाल संघ के प्रेसीडेंट मुश्ताक अली प्रधान उपस्थित रहे।

दूसरा मैच सिंग ए पंजाब पटियाला ने 37 रन से जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 182 रन का एक बड़ा स्कोर खड़ा किया। सबसे ज्यादा रन गुरमीत ने 67 (34) बनाए जिसमें 6 चौके व 3 छक्के शामिल रहे। जसप्रीत ने 33 व कुमे अंबाला ने 27 बनाए। जम्मू की ओर से रायल सिंग ने 2 व संजोग, हरवीर व गुरप्रीत ने 1-1 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी जगुआर क्रिकेट क्लब सिम्बल मोर जम्मू की टीम 145 रन ही बना पायी। गुरमीत ही एकमात्र बल्लेबाज रहे है जिन्होंने 4 चौके व 2 छक्कों की मदद से 43 रनों की पारी खेली। अमनवीर ने 21 व गगनदीप ने 20 रन बनाए। जसकरण व जसप्रीत ने 2-2 तथा इंदरप्रीत, जसप्रीत व गुरदीप ने 1-1 विकेट लिए। पटियाला के जसप्रीत को 33 रन बनाने व 2 विकेट लेने के कारण मैच का बेस्ट प्लेयर घोषित किया गया।

### क्या सुबह की पूजा के बाद भी करनी चाहिए आरती?

शास्त्रों में आरती करने के तीन प्रमुख समय बताए गए हैं। यह समय हैं प्रातः काल, संध्या काल और रात्रि काल। प्रातः काल यानी कि सुबह के समय मंगला आरती होती है, संध्या काल यानी कि सूर्यास्त के समय संध्या आरती की जाती है और रात्रि काल यानी कि भगवान को सुलाते समय शयन आरती करते हैं। हालांकि शास्त्रों में यह बताया गया है कि तीनों आरती तब की जाती है जब मंदिर में आरती हो रही हो यानी कि सुबह, शाम और रात की आरती किसी भी देवी-देवता की मंदिर प्रांगण में करना उचित माना गया है। वहीं, गृहस्थ लोगों के लिए सिर्फ संध्या आरती करना ही मान्य है और यह मंगलकारी सिद्ध होता है।

असल में सुबह पूजा का समय शास्त्रों में ब्रह्म मुहूर्त माना गया है। यानी कि सुबह की पूजा हमेशा ब्रह्म मुहूर्त में करनी चाहिए। अब आज के समय में कई कारणों से गृहस्थ लोगों के लिए यह संभव नहीं कि वह ब्रह्म मुहूर्त में पूजा कर आरती करें। ऐसे में गृहस्थियों के लिए संध्या आरती करना ही उचित माना गया है। शास्त्रों में यह भी वर्णित है कि आप सुबह के समय पूजा कभी भी कर सकते हैं दोपहर के 12 बजे से पहले लेकिन सुबह पूजा के बाद अगर आप आरती करते हैं तो इससे आपकी पूजा खंडित हो जाती है क्योंकि ब्रह्म मुहूर्त की आरती ही धर्म ग्रंथों एवं शास्त्रों में सुबह की पूजा के बाद श्रेष्ठ मानी गई है।

### सीनियर वॉलीबॉल टीम का चयन ट्रायल्स 16 दिसम्बर को

**रायपुर।** जिले की सीनियर (महिला एव पुरुष) वालीबाल टीम का चयन ट्रायल्स 16 दिसम्बर मंगलवार को शाम 04:00 बजे सप्रे स्कूल रायपुर के मैदान में रखा गया है. जिसमें जिले में निवासरत जो भी खिलाड़ी है वे सभी भाग ले सकते हैं. सभी खिलाडी प्रॉपर किट में आकर चयन स्पर्धा में शामिल हो सकते हैं। चयनित जिले की टीम 20वीं अंतर जिला (महिला एव पुरुष) वालीबाल चैंपियनशिप जो कि 25 से 28 दिसंबर तक भिलाई में आयोजित है में भाग लेंगी। जहाँ पर सीनियर छत्तीसगढ़ (महिला एवं पुरुष) वर्ग की वॉलीबॉल टीम का चयन किया जाएगा जो 4 से 11 जनवरी तक वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में आयोजित नेशनल वॉलीबॉल चैम्पियनशिप में भाग लेंगे।





















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 33 हत्याओं का दोषी, वो बस मर्दों को बनाता था निशाना, आज भी देखकर कंपकंपाती है जुबान



हॉलीवुड फिल्म 'इट' में 'पेनीवाइज' नाम के जोकर ने हर किसी के अंजर खौफ पैदा कर दिया था। लेकिन क्या हो जब आपको पता चले कि वो कहानी सच्ची घटना पर आधारित थी। स्टीफन किंग ने कभी नहीं लिखा कि 'पेनीवाइज' सीरियल किलर पर आधारित है या नहीं, लेकिन समानताएं इतनी अधिक हैं।

'कूलरोफोबिया' एक ऐसा फीयर है जो जोकरों के डर से पैदा होता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, लगभग 50% लोगों को जोकरों से डर लगता है। और सोचिए अगर जोकर कोई राक्षसी अलौकिक शक्ति है जो बच्चों का बेरहमी से कत्लेआम करता है, उसके बाद तबाही मचाता है और उसका नाम 'पेनीवाइज' है, तो क्या! स्टीफन किंग ने अपने 1986 के नोवल 'आईटी' में इस काल्पनिक, दुष्ट जोकर के बारे में लिखा था, जो बच्चों और बड़ों दोनों को डराता रहा है।

हालांकि, क्या आपने कभी सोचा है कि लेखक को जोकर की कहानी के साथ डार्क हॉरर को मिलाने की प्रेरणा कहां से मिली? 'पेनीवाइज' स्टीफन किंग की कल्पना है। हालांकि, उनकी कहानी कई वास्तविक घटनाओं और लोगों से प्रेरित लगती है। फिल्म 'इट' में 'पेनीवाइज' को करीब से दिखाया गया है। तो, आइए जानते हैं इसके बारे में और बातें।

80 का दशक, जब स्टीफन किंग ने 'इट' लिखी थी, वह ऐसा समय था जब हर माता-पिता अपने बच्चों की जान को लेकर डर में जी रहे थे। इस दशक में बच्चों के अपहरण और हत्या के लगातार मामले सामने आए। इसे 'अजनबी खतरा' कहा जाता था, जिससे परिवारों में दहशत फैल गई।

### टॉलीवुड

## 'वाराणसी' के सफल इवेंट के बाद राजामौली बोले-धन्यवाद



महेश बाबू, प्रियंका चोपड़ा और पृथ्वीराज स्टारर फिल्म 'वाराणसी' का टीजर जब से रिलीज हुआ है, तभी से ही लगातार फैंस और इंडस्ट्री के सितारों की ओर से इस पर प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। अब तक कई सेलेब्स ने राजामौली की तारीफ करते हुए महेश बाबू की फिल्म से पहली झलक को पसंद किया है। वहीं महेश बाबू के फैंस की ओर से भी टीजर को बेशुमार प्यार मिला है। अब निर्देशक एसएस राजामौली ने टीजर को मिल रहे प्यार पर अपना रिएक्शन दिया है। महेश बाबू के फैंस का आभार जताते हुए राजामौली ने अपने एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा- 'वाराणसी के अनाउंसमेंट वीडियो को मिले प्यार, सम्मान और तालियों के लिए आप सभी का तहे दिल से धन्यवाद। हमारी पूरी टीम आप सबकी बेहद आभारी है।' राजामौली ने एक और पोस्ट करते हुए महेश बाबू के फैंस का भी शुक्रिया अदा किया। उन्होंने लिखा- 'मेरे सभी महेश फैंस का दिल से धन्यवाद, जिन्होंने इतनी लंबी दूरी तय करके ग्लोबट्रॉटर इवेंट में हिस्सा लिया और ठंड में करीब 3 किलोमीटर पैदल चले। इसके बावजूद, हमारी तरफ से कुछ दिक्कतें आने पर भी आपकी सहनशीलता बिल्कुल नहीं डगमगाई। मुझे यह कहना ही होगा- आप अपने स्टार जितने ही अनुशासित हैं और हर उस तेलुगु सिनेमा दर्शक का बड़ा धन्यवाद, जो जमीन पर हमारे साथ खड़ा रहा।'

एसएस राजामौली द्वारा निर्देशित महेश बाबू और प्रियंका चोपड़ा की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वाराणसी' की पहली झलक दर्शकों के सामने आ चुकी है। निर्देशक राजामौली ने हैदराबाद में आयोजित हुए ग्लोबट्रॉटर इवेंट में इसे रिलीज किया। अभिनेता महेश बाबू के लुक के सिर्फ नेटिजंस ही नहीं, बल्कि सेलेब्स भी दीवाने हो रहे हैं।

### छॉलीवुड

## 'आर जे बस्तर' की डबिंग हुई पूरी जल्द ही बड़े पर्दे पर धमाकेदार एंट्री



छत्तीसगढ़ी और हिंदी सिनेमा प्रेमियों के लिए खुशखबरी है। युवा निर्देशक मनीष मानिकपुरी के निर्देशन में बनी बहुचर्चित फिल्म 'आर जे बस्तर' की डबिंग का काम पूरी तरह से समाप्त हो चुका है। अब फिल्म जल्द ही अंतिम पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में प्रवेश करने जा रही है। फिल्म के निर्माता पवन कुमार सिंह ने बताया कि बहुत जल्द यह फिल्म दर्शकों के बीच रिलीज की जाएगी, जिसकी आधिकारिक घोषणा भी शीघ्र होगी।

'आर जे बस्तर' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल की असली खुशबू और जमीनी हकीकत को दर्शाने वाला एक सजीव दस्तावेज है। कहानी बस्तर के एक छोटे से गांव में रहने वाले लोगों, उनकी संस्कृति, संघर्ष, सपनों और संवेदनाओं के इर्द-गिर्द घूमती है। यह फिल्म बताती है कि बस्तर सिर्फ जंगलों, पहाड़ों और परंपराओं का प्रदेश नहीं बल्कि बड़ा दिल, बड़ी सोच और बड़े कलाकारों की धरती है। फिल्म में कई प्रतिभाशाली कलाकारों ने अपने अभिनय का परचम लहराया है। प्रमुख कलाकारों में पुष्पेंद्र सिंह – दमदार स्क्रीन प्रेज़ेन्स और गहरी अभिनय क्षमता के लिए जाने जाते हैं। संजय महानंद – अपनी सहज और प्रभावशाली अदाकारी के कारण दर्शकों के पसंदीदा कलाकार रहे हैं। शील वर्मा – बस्तर की संस्कृति को पर्दे पर जीवंत करने में माहिर हैं। सुनील तिवारी – भावनात्मक और गंभीर किरदारों के लिए मशहूर हैं।


### लाइफ स्टाइल



गुलबानो गरारा

गुलबानो गरारा एक पारंपरिक पहनावा है इसे आमतौर पर इवेंट्स की शान माना जाता है। तीन पीस में शॉर्ट शर्ट, गरारा और दुपट्टे के साथ यह ड्रेस सिल्क से बनी है। आकर्षक कांथा एम्ब्रॉयडरी और एक्रू रंग इस आउटफिट को और शानदार बनाते हैं। यह गोल नेकलाइन शर्ट और मोटे बॉर्डर वाले भारी एम्ब्रॉयडरी वाले बॉटम के साथ आती है। मैचिंग हैवी कांथाकारी जाल दुपट्टा इस ड्रेस को पूरी तरह से कॉम्प्लिमेंट करता है।

## सिर पर जमी डैंड्रफ की परत को एक हफ्ते में साफ कर देंगे ये नुस्खे



डैंड्रफ एक ऐसी समस्या है, जिसकी वजह से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसकी वजह से बहुत से लोग तो काले रंग के कपड़े पहनना तक बंद कर देते हैं, क्योंकि रूसी उन कपड़ों पर झड़कर लोगों को शर्मिंदा करती है। इसलिए आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में जानना चाहिए, जिनके इस्तेमाल से एक हफ्ते में सिर पर जमी डैंड्रफ की परत कम हो जाएगी। अगर आपके सिर पर रूसी काफी ज्यादा है तब एक हफ्ते में इसका कम होना मुश्किल है, लेकिन हां आपको इसका अच्छा असर ही देखने को मिलेगा।

### नींबू और नारियल तेल का उपयोग

यदि आपको नींबू सूट करता है तो आप 2-3 चम्मच नारियल तेल में आधा नींबू का रस मिलाएं। इसे अपनी स्कैल्प पर लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। 30 मिनट बाद हल्के शैंपू से बाल धो लें। नींबू का रस फंगस को खत्म करने में मदद करता है और नारियल तेल स्कैल्प को मॉइश्चराइज करता है।

### टी ट्री ऑयल का उपयोग

टी ट्री ऑयल को कभी भी सीधा बालों में न लगाएं। इस्तेमाल के लिए इसकी 2-3 बूंदें टी ट्री ऑयल शैम्पू में मिलाकर बाल धोएं। टी ट्री ऑयल में एंटी-फंगल गुण होते हैं जो डैंड्रफ को तेजी से कम करते हैं।

### एप्पल साइडर विनेगर

विनेगर यानी कि सिरके के इस्तेमाल से भी आप सिर पर जमी रूसी को कम कर सकते हैं। इसके लिए बराबर मात्रा में पानी और एप्पल साइडर विनेगर मिलाएं। इस मिश्रण को स्कैल्प पर स्प्रे करें और 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर अपने बालों को धो लें।

### मेथी का पेस्ट और दही

मेथी के पेस्ट और दही दोनों में ही ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो सिर को साफ करते हैं और सिर पर जमी रूसी की परत को हटाने का काम करते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए 2 चम्मच मेथी के दानों को रातभर भिगोकर पीस लें। इसमें 2 चम्मच दही मिलाएं और स्कैल्प पर लगाएं। इससे भी रूसी की परत हटने लगेगी।

### एलोवेरा जेल

यदि आपके घर में एलोवेरा का पौधा लगा है तो उससे बेहतर कोई विकल्प कुछ हो ही नहीं सकता। सिर से रूसी हटाने के लिए ताजा एलोवेरा जेल स्कैल्प पर लगाएं। 30 मिनट बाद गुनगुने पानी से धो लें।

## सर्दियों में ऐसे पहनें साड़ी, ठंड से बचेंगे और लुक भी होगा शानदार







साड़ी एक ऐसा परिधान है, जिसे महिलाएं हर जगह काफी मन से पहनती हैं। खासतौर पर जब शादी-विवाह की बारी आती है तब तो महिलाएं साड़ी पहनना ही सबसे ज्यादा पसंद करती हैं, लेकिन जब भी सर्दी का मौसम आता है, तब महिलाएं साड़ी पहनने से कतराती हैं। साड़ी में ठंड काफी ज्यादा लगती है, क्योंकि इसके साथ महिलाएं स्वेटर नहीं पहनतीं। यदि आप भी उन्हीं महिलाओं में से हैं, जिन्हें साड़ी पहनना पसंद है लेकिन सर्दी के कारण नहीं पहन रहीं तो हम आपको इसका हल बताने जा रहे हैं। हम यहां आपको साड़ी पहनने के कुछ ऐसे तरीके बताएंगे, जिनको फॉलो करने के बाद आपको जरा सी भी सर्दी नहीं लगेगी। इन टिप्स को फॉलो करके आपका लुक भी स्टाइलिश लगेगा।

### फुल स्लीव्स ब्लाउज पहनें

सर्दी के मौसम में आप गर्म कपड़े (जैसे वूलन या सिल्क) से बने फुल स्लीव्स ब्लाउज साड़ी के साथ पहन सकती हैं। आजकल तो बाजार में हाई नेक या टर्टल नेक डिजाइन वाले ब्लाउज भी मिलते हैं जोकि ठंड से बचाने और फैशनेबल लुक के लिए बेहतरीन माने जाते हैं।

### शॉल इस्तेमाल करें

अपनी साड़ी के साथ मैचिंग या कंट्रास्ट वूलन शॉल कैरी करें। इसे स्टाइलिश तरीके से कंधे या पल्लू पर ड्रेप करें। बाजार में आजकल हर डिजाइन और रंगों की शॉल बाजार में मिलती है, जिसे आप अपनी साड़ी के साथ कैरी कर सकती हैं।

### जैकेट के साथ साड़ी

साड़ी के साथ एक खूबसूरत फिटेड ब्लेजर, लॉन्ग कोट या क्रॉप्ड जैकेट पहनें। यह वेस्टर्न और ट्रेडिशनल लुक का परफेक्ट कॉम्बिनेशन देगा।

## स्टाइल करेंगी ये ब्यूटीफुल डिजाइंस वाली चूड़ियां



चूड़ी आपके आउटफिट को कम्पलीट करने और स्टाइलिश लुक देने का काम करता है। वहीं अगर आप रॉयल लुक चाहती हैं तो आप ये लेटेस्ट डिजाइंस वाली चूड़ी साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं। ट्रेडिशनल आउटफिट में जहां आपके लुक को स्टाइलिश बनाने का काम ज्वेलरी करती हैं। तो वहीं चूड़ी भी है जिन्हें स्टाइल करने के बाद आपका लुक रॉयल नजर आता हैं। चूड़ी आपको कई सारे डिजाइन में मिल जाएंगे। लेकिन, अगर आप साड़ी में स्टाइलिश और रॉयल लुक चाहती हैं तो आप ये न्यू डिजाइंस वाली चूड़ियां साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की चूड़ियां आपके लुक को रॉयल बनाने में मदद करेंगी तो वहीं लुक भी खूबसूरत नजर आएगा।

### कुंदन वर्क चूड़ी

इस तरह की चूड़ी आप अपने आउटफिट के मैच करके स्टाइल कर सकती हैं। इन चूड़ी में कुंदन साथ ही सिल्क थ्रेड वर्क किया है जो साडी में आपके लुक को रॉयल देगा। इस तरह की चूड़ी आप डार्क कलर की साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं और ये चूड़ी आपको 500 रुपये की कीमत में मिल सकती हैं।

### मोती वर्क चूड़ी

रॉयल लुक पाने के लिए आप लाइट कलर की साड़ी के साथ इस तरह की मोती वर्क वली चूड़ी स्टाइल कर सकती हैं। इन चूड़ी में बेहह खूबसूरत वर्क किया है और साथ में लटकन भी है। इस तरह की चूड़ी को स्टाइल करने के बाद आपका लुक रॉयल नजर आएगा और इस चूड़ी को ऑनलाइन या ऑफलाइन सस्ते दाम में खरीद सकती हैं।

## सर्दियों में मक्खन जैसी मुलायम हो सकती हैं फटी हुई एड़ियां



सर्दियों का मौसम आते स्किन ड्राई होने लगती है। इसपर कुछ भी लगाया लिया जाए कुछ देर बाद वहां की त्वचा फिर रूखी हो जाती है। सर्दियों में एड़ियों का फटना एक आम समस्या है। इस मौसम में यह समस्या अधिकतर बहुत से लोगों के साथ देखने को मिलती हैं। फटी एड़ियों की दिक्कत ज्यादातर उन लोगों में देखने को मिलती है। जिनकी स्किन बहुत ही ज्यादा सेंसटिव होती है या जो लोग ज्यादा देर पानी में काम करते है। इसके अलावा सर्द-गर्म की वजह से भी स्किन क्रेक होने लगती है। ऐसे में इन लोगों को थोड़ा सतर्क रहने की जरूरत होती है। यदि आपके साथ ही सर्दी के दिनों में एड़ी फटने जैसी दिक्क्त होती है, तो आज हम आपको एक आसान सा उपाय बताने जा रहे हैं। इस नुस्खे को मेरी मम्मी ने आजमाया हुआ है। आप भी इसको अपनाकर अपनी खराब से खराब एड़ियों को एकदम बटर की तरह मुलायम बना सकती हैं। बस आपको इसे रोजाना ट्राई करना होगा। तब जाकर आपको इसका असर दिखेगा।

ग्लिसरीन में यह एक चीज मिलाकर लगाने से होंगी शायद आप में से अधिकतर सभी लोगों ने ग्लिसरीन का यूज तो किया ही होगा। ग्लिसरीन को हम मुंह के छाले से लेकर स्किन को मुलायम बनाने के लिए करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस ग्लिसरीन की मदद से आप फटी हुई एड़ियों को एकदम सॉफ्ट बना सकती हैं। इसके लिए आपको ग्लिसरीन में कुछ नींबू की बूंदें डालकर उसमें एक शीशी में भर लेना है। अब इस घोल को आपको रोजाना नहाने के बाद हल्के गीले पैरों में अच्छी तरह लगाना है। आप देखेंगे धीरे-धीरे आपकी एड़ियों की दरारें गायब हो जाएंगी और आपकी एड़ियां बिल्कुल मुलायम दिखने लगेंगी।

### कार्नर न्यूज

#### सर्द मौसम में सही थर्मल वियर खरीदना समझदारी की बात

## ठंड से बचने थर्मल वियर खरीदते इन बातों का रखें ध्यान, मिलेगी भरपूर राहत

ठंड के मौसम में थर्मल वियर का चुनाव करना बेहद महत्वपूर्ण होता है क्योंकि यह आपके शरीर को गर्म रखने और ठंड से बचाने में मदद करता है। ऐसे में थर्मल वियर खरीदते वक्त इन बातों का ध्यान अवश्य रखें। सर्दियों का मौसम शुरू हो गया है। ऐसे में हर कोई ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े खरीद रहा है। इस मौसम में ठंड से बचने के लिए लोग थर्मल वियर जरूर खरीदते हैं। थर्मल वियर शरीर की गर्मी को अंदर बनाए रखता है और बाहर की ठंडी हवा को रोकता है।

ये अन्य भारी कपड़ों की तुलना में हल्के और पहनने में आरामदायक होते हैं। इनमें इस्तेमाल होने वाले कपड़े जैसे ऊन, कॉटन और पॉलीस्टर मिश्रण शरीर को पसीने से भी बचाते हैं। इन्हें अन्य कपड़ों के नीचे पहनना आसान होता है, जिससे ठंड से बचने के लिए लेयरिंग करना सुविधाजनक हो जाता है। यदि आपको भी काफी ज्यादा ठंड लगती है तो अपने कलेक्शन में अच्छी क्वालिटी का थर्मल वियर अवश्य शामिल करें।



थर्मल वियर खरीदने जा रहे हैं तो कुछ बातों का ध्यान अवश्य रखें, ताकि ये सही में आपको ठंड से बचा सकें।

### सही हो फैब्रिक

यदि आप बेहद ठंडे इलाके में रहते हैं, तो मिक्स्ड वूल वाले थर्मल बेहतर रहेंगे। ये अधिक गर्माहट देते हैं। हल्की ठंड के लिए कॉटन मटैरियल आरामदायक होता है, लेकिन यह बहुत अधिक गर्म नहीं होता। पॉलिएस्टर और स्पैन्डेक्स मिश्रित थर्मल वियर हल्के और फ्लेक्सिबल होते हैं, और ये नमी सोखने में मदद करते हैं।

### साइज होना चाहिए सही

थर्मल वियर का साइज सही होना चाहिए। ये न तो न बहुत टाइट होना चाहिए और न बहुत ढीला, क्योंकि अधिक टाइट थर्मल पहनने से रक्त संचार प्रभावित हो सकता है, जबकि ढीला थर्मल शरीर को सही तरीके से गर्म नहीं रख पाएगा।

### डिजाइन पर ध्यान दें

थर्मल वियर की लेयर्ड संरचना ज्यादा बेहतर मानी जाती है। अंदर की परत गर्मी को लॉक करती है, और बाहरी परत ठंडी हवा को अंदर आने से रोकती है। यदि लेयर्ड संरचना नहीं होगी तो आप ठंड में परेशान हो सकते हैं।

वजन और मोटाई का ध्यान रखें

अक्सर लोगों को लगता है कि थर्मल वियर मोटा होना चाहिए, जबकि अत्यधिक मोटा थर्मल वियर पहनने में असुविधाजनक हो सकता है।

